

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -95 जबलपुर, शनिवार 10 मई 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव




## जम्मू-कश्मीर और पंजाब के कई शहरों में धमाके, भारतीय सेना दे रही जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम हमले के बाद लगातार आतंकियों का समर्थन कर रहा पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा। गुरुवार देर शाम भारत को टारगेट बनाकर किए गए ड्रोन, मिसाइल और फाइटर प्लेन ( के हमले में पाकिस्तानी को एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी। भारतीय सेना द्वारा जवाबी हमले में पाकिस्तान के इस्लामाबाद, लाहौर, सियालकोट में भारी तबाही मचाने की खबर है। बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को कैंसल कर दिया है। वहीं रक्षामंत्री और गृहमंत्री सेना और सुरक्षाबलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

जम्मू में लगातार दूसरे दिन सायरन बजा, क्योंकि पाकिस्तान ने पुंछ और उरी समेत जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में गोलाबारी शुरू कर दी है। जम्मू में धमाके सुने गए और शहर में दूसरे दिन भी बिजली गुल रही। इस बीच, बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की। गुरुवार को पाकिस्तान ने जम्मू, राजस्थान और पंजाब समेत भारत के कई इलाकों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किए। भारत ने सभी आने वाले खतरों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

**जम्मू में देखे गए पाकिस्तानी ड्रोन**

पाकिस्तानी ड्रोन अब जम्मू में देखे गए हैं। शुक्रवार रात जम्मू में कई धमाके सुने गए और पाकिस्तान के बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले के एक दिन बाद सायरन बजने लगे। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया, जहां मैं हूं, वहां से अब रुक-रुक कर धमाकों की आवाजें, शायद भारी तोपों की आवाजें सुनी जा सकती हैं।

इसके अलावा दूसरे ट्वीट में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा जम्मू और उसके आस-पास के सभी लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि कृपया सड़कों पर न निकलें, घर पर रहें या किसी ऐसे नज़दीकी स्थान पर रहें जहाँ आप अगले कुछ घंटों तक आराम से रह सकें। अफ़वाहों पर ध्यान न दें, बेबुनियाद या असत्यापित कहानियाँ न फैलाएँ और हम सब मिलकर इससे निपट लेंगे।

**सांबा में धमाकों की आवाजें**

सांबा में धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। भारत की वायु रक्षा ने ब्लैकआउट के बीच पाकिस्तानी ड्रोनों को रोक दिया है। ब्लैकआउट लागू होने के बाद आसमान में ड्रोनों का झुंड देखा गया।




पुछ गया किसी
माँग का सिंदूर
कोई हो गया अनाथ
एक काला सच
आतंकवाद - आतंकवाद
फन उठाये नाग के साथ
कैसी इंसानियत, काहे का शिष्टाचार
पाक का फन कुचलना ही
होना चाहिए अंतिम व्यवहार
ये लातों के भूत हैं
बातों से ना होगा इनका उपचार
सेना ने जो दिखाया पराक्रम
कोटी - कोटी प्रणाम
धन्यवाद - धन्यवाद - धन्यवाद
अब न रहेगा पाक
न उठेंगे कदम नापाक
आजाद होगा हमारा कश्मीर
सिंदूर से फिर सजेगा
माँ भारती का ताज़
तब हर भारतीय का
नारा होगा
ज़िंदाबाद - ज़िंदाबाद - ज़िंदाबाद।

***अरुण श्रीवास्तव***
***संपादक क्षितिज किरण***

**चंडीगढ़ में हवाई हमले का सायरन बजा, प्रशासन ने जारी किया संदेश, भारतीय वायुसेना स्टेशन पर संभावित हमले की चेतावनी**

## चंडीगढ़-अंबाला में हवाई हमले की वॉर्निंग


**जैसलमेर में बॉर्डर के गांव खाली कराए; एलओसी पर पाकिस्तान की फायरिंग, 17 सिविलियंस मारे गए**

चंडीगढ़- (आरएनएस)।भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। चंडीगढ़ और अंबाला में शुक्रवार को हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, भी दफ्तर है। अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन मौजूद है। राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान बॉर्डर से 20 किलोमीटर दायरे में गांव खाली कराए जा रहे हैं। जैसलमेर में मिलिट्री स्टेशन है और पाकिस्तान बॉर्डर का 500 किमी हिस्सा सटा हुआ है।

इस बीच, जम्मू-कश्मीर के सांबा में इंटरनेशनल बॉर्डर पर बीएसएफ ने 7 आतंकियों को मार गिराया। पाकिस्तान की धनधार पोस्ट पर फायरिंग की गई। पुंछ इलाके में लगातार पाकिस्तानी सेना फायरिंग रही है। पुंछ समेत जम्मू-कश्मीर में 17 सिविलियंस की मौत हुई। इनमें 5 बच्चे भी शामिल हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह औरअनिल चौहान ने ताजा हालात की जानकारी दी। गृहमंत्री भी अफसरों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी मीटिंग करेंगे।





पाकिस्तान ने गुरुवार रात जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में 11 जगहों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। पाकिस्तानी सुसाइड ड्रोन्स ने जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को भी निशाना बनाया।

भारत ने इन्हें डिफेंस सिस्टम स-400 और आकाश मिसाइल से नाकाम कर दिया। इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाकिस्तान के 50 से ज्यादा ड्रोन गिराए हैं। पठानकोट में पाकिस्तानी फाइटर जेट गिरा दिया, हालांकि सरकार ने पुष्टि नहीं की है।

चंडीगढ़ में शुक्रवार की सुबह वायुसेना स्टेशन से हवाई हमले का सायरन बजा, जिसमें संभावित हवाई हमले की चेतावनी दी गई। पूरे शहर में सायरन बजाया गया और निवासियों को घर के अंदर रहने और बालकनी, खिड़कियों और शीशों से दूर रहने की सलाह दी गई।

चंडीगढ़ में शुक्रवार की सुबह वायुसेना स्टेशन से हवाई हमले का सायरन बजा, जिसमें संभावित हवाई हमले की चेतावनी दी गई। पूरे शहर में सायरन बजाया गया और निवासियों को घर के अंदर रहने और बालकनी, खिड़कियों और शीशों से दूर रहने की सलाह दी गई। चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर और डीसी मोहाली द्वारा जारी किए गए संदेश के अनुसार, खास तौर पर सेक्टर 45-47 में।

जिला प्रशासन ने निवासियों को घर के अंदर रहने और बालकनी से दूर रहने की सलाह दी। यह अलर्ट गुरुवार रात चंडीगढ़ में आपातकालीन ब्लैकआउट लागू होने के कुछ घंटों बाद आया है, जिसमें हवाई हमले के सायरन बज रहे थे और रात करीब 9.30 बजे बिजली बंद कर दी गई थी। चंडीगढ़ प्रशासन ने एक्स पर पोस्ट किया, वायुसेना स्टेशन से संभावित हमले की चेतावनी मिली है। सायरन बजाए जा रहे हैं। सभी को घर के अंदर रहने और बालकनी से दूर रहने की सलाह दी गई है।

चंडीगढ़ में ताजा खतरे के बाद, पंजाब के मोहाली प्रशासन ने भी सीमावर्ती सेक्टरों में रहने वाले निवासियों को घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

**मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों की फोर्स को किया अलर्ट**

भोपाल। पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के साथ ही मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को अलर्ट कर दिया है। किसी भी तरह की आपात स्थिति के लिए पुलिस बल को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। सामान्य स्थिति में पुलिसकर्मियों को छुट्टियां नहीं देने को कहा गया है

## पीएम मोदी के आवास पर हाईलेवल मीटिंग खत्म, पाकिस्तान के खिलाफ तय हुई रणनीति



नई दिल्ली.(आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. अब सेना प्रमुख को अधिकार दिया गया है कि वे प्रादेशिक सेना के हर अफसर और सैनिक को तैनात कर सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर नियमित सेना की मदद की जा सके या उसकी ताकत बढ़ाई जा सके.

तीन साल तक लागू रहेगा आदेश


रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने 6 मई को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है. इसमें कहा गया है कि यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा. इसका मतलब है कि अगले तीन सालों तक सेना प्रमुख के पास टीए को किसी भी जरूरी मिशन के लिए तैनात करने का पूरा अधिकार रहेगा.

**प्रादेशिक सेना- 75 सालों की सेवा**

प्रादेशिक सेना, जिसे 9 अक्टूबर 1949 को स्थापित किया गया था, ने पिछले साल अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई थी. यह बल न सिर्फ युद्ध के समय देश की सेवा करता है, बल्कि आपदा राहत, पर्यावरण सुरक्षा और मानवीय मदद में भी सक्रिय भूमिका निभाता है. टीए पूरी तरह से नियमित सेना के साथ जुड़ा हुआ है और इसके जवानों को उनकी बहादुरी और सेवा के लिए कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं.

देश में 14 बटालियन होंगी तैनात

सरकार की अधिसूचना के अनुसार, मौजूदा 32 टीए इन्फैंट्री बटालियनों में से 14 को तैनात करने का आदेश दिया गया है. इन्हें देश के कई सैन्य कमानों में भेजा जाएगा.




**भारत-पाक तनाव का असर -बीसीसीआई का बड़ा फैसला**

## आईपीएल 2025 का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित



मुंबई.(आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब खेल जगत पर भी दिखने लगा है. गंभीर होते हालात के मद्देनजर, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र को शुक्रवार, 9 मई को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया. आईपीएल के 18वें संस्करण के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल गुरुवार से ही मंडरा रहे थे, जब पड़ोसी शहरों जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाने वाला मैच रद्द कर दिया गया था.

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने बताया, यह उचित नहीं लगता कि जब देश में युद्ध जैसे हालात हों, तब क्रिकेट जैसा खेल जारी रहे. अधिकारी ने बताया कि स्थिति की गंभीरता और खिलाड़ियों तथा स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है. बता दें कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में अब तक 58 मुकाबले खेले जा चुके थे. लीग चरण के अभी 12 मैच बाकी थे.

## लोन लेकर युद्ध लड़ेगा पाकिस्तान, विश्व बैंक से मांगी भीख



इस्लामाबाद (आरएनएस)। 8 मई की रात की पाकिस्तान की बहुत ही भयानक कटी है। भारत ने जवाबी हमले में पाकिस्तान के कई शहरों पर मिसाइलों व ड्रोन्स से हमला किया। कराची बंदरगाह के पूरी तरह से बर्बाद होने की सूचना है। युद्ध के हालातों के बीच पाकिस्तान ने विश्व बैंक सहित अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के सामने भीख का कटोरा फैला दिया है। जी हां, पाकिस्तान के आर्थिक सलाहकार ने एक्स पर पोस्ट कर विश्व बैंक व अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों से लोन की अपील कर दी है।

## पाकिस्तान पर भारत की दोहरी मार, जैश के 7 आतंकी ढेर सांबा में घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम



नई दिल्ली.(आरएनएस)। भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा में लगातार मुस्तैद है और पाकिस्तान के हर नापाक मंसूबे को ध्वस्त कर रहा है. बीती रात पाकिस्तान द्वारा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर किए गए हवाई हमलों की कोशिशों को सफलतापूर्वक नाकाम करने के बाद, सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर में एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को विफल करते हुए जैश-ए-मोहम्मद के सात आतंकवादियों को मार गिराया है. सुरक्षा एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार, सीमा सुरक्षा बल ने सांबा सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से हो रही घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया. इस दौरान बीएसएफ के जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे सात घुसपैठियों को ढेर कर दिया. सूत्रों ने बताया है कि मारे गए घुसपैठिए प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए थे. पाकिस्तान की ओर से यह घुसपैठ की कोशिश ऐसे समय में की गई, जब भारतीय सेना ने जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर मौजूद अपने सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान सेना द्वारा किए गए ड्रोन और अन्य हथियारों से हमलों के प्रयास को विफल कर दिया था. भारतीय सेना के बयान के मुताबिक, 8 और 9 मई 2025 की दरमियानी रात को पाकिस्तान की सेना ने पश्चिमी सीमा पर एक साथ कई दिशाओं से हमले की कोशिश की थी.




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गढ़ा में अंतरिक्ष सिंगरहा उम्र 25 वर्ष निवासी छुई खदान बेदीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किराना दुकान चलाता है आज दोपहर लगभग 12-30 बजे वह आनंद कुंज में हमलोग कलेक्शन के सामने चाय की दुकान पर चाय पी रहा था तभी हिमांचल उर्फईलू तिवारी आकर उससे शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो हिमांचल उर्फईलू तिवारी उसके साथ गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट कर झूमाझपटी करने लगा जिससे वह गिर गया उसके हाथ एवं कमर में चोट आ गई।

**पेंशनर्स फिर पीछे हुए 2 प्रतिशत मंहगाई राहत, परिवार पेंशन राहत पाने**

# सरकार पेंशनर्स को भी देय तिथि से दें 5 प्रतिशत मंहगाई राहत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राज्य सरकार ने कार्यरत कार्मिकों को 5 प्रतिशत अर्थात 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया है वहीं पेंशनर्स को सिर्फ 3 प्रतिशत अर्थात 53 प्रतिशत वो भी पूर्व तिथि से नहीं देने का आदेश जारी किया है। राज्य शासन द्वारा महंगाई भत्ता और मंहगाई राहत, परिवार पेंशन राहत के जारी कराएं गये आदेश में पेंशनर्स को 2 प्रतिशत मंहगाई राहत, परिवार पेंशन राहत के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। जिससे उन्हें सिर्फ 3 प्रतिशत ही बढ़ा भत्ता मिलेगा।मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कर्मचारियों को 5 प्रतिशत मंहगाई भत्ता , पेंशनर्स को 3 प्रतिशत महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत देने के लिएं मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी का आभार करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश में पेंशनर्स की ऐसी क्या गल्ती है कि सरकार ने पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स के साथ फिर भेदभाव कर दिया और उन्हें केंद्र के समान 5 प्रतिशत मंहगाई राहत, परिवार महंगाई राहत से वंचित कर दिया। पेंशनर्स को सिर्फ 3 प्रतिशत वो भी केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित तिथि से नहीं दिया और 2 प्रतिशत मंहगाई राहत, परिवार पेंशन राहत का आदेश ही जारी नहीं किया है।जबकि इन पेंशनर्स का एकमात्र सहारा महंगाई राहत ही है। उन्हें भी इस मंहगाई के दौर में अपने पारिवारिक और समाजिक दायित्वों को निभाना पड़ता है।

राकेश डी पी पाठक ने मुख्यमंत्री जी से आग्रह करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत व 1 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत मंहगाई भत्ता और मंहगाई राहत देने के जैसे आदेश किए हैं उसी तरह पेंशनर्स को भी एक साथ निर्धारित तिथि से दिए जाएं । इस प्रकार केन्द्र कर्मचारियों और पेंशनरों को वर्तमान में 55 महंगाई भत्ता , महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत मिल रही है। मध्यप्रदेश में सिर्फ नियमित कर्मचारियों को 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता मिलेगा वहीं पेंशनर्स को महंगाई राहत सिर्फ 53 प्रतिशत मिलेगी वो निर्धारित तिथि से नहीं। इस प्रकार केन्द्र के कर्मचारियों ,पेंशनर्स एवं राज्य के कर्मचारियों की तुलना में मध्यप्रदेश के पेंशनरों को 2 प्रतिशत कम महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत मिलेगी । मध्यप्रदेश की सरकार अपने पेंशनरों के साथ लम्बे समय से भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रही है। हर बार कर्मचारियों के महंगाई भत्ता के साथ पेंशनर्स के महंगाई राहत का पूरा आदेश जारी नहीं करतीं हैं।

राज्य पुनर्गठन धारा 49 के और छत्तीसगढ़ की सहमति के नाम पर 25 बर्षो से पेंशनर्स के साथ लगातार भेद-भाव किया जा रहा है। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री जी,वित्त मंत्री जी, मुख्य सचिव जी और वित्त सचिव जी को पत्र भेजकर निवेदन किया, किन्तु उसका कोई सकारात्मक परिणाम अभी तक नहीं मिला है। आज मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और केंद्र में ट्रिपल इंजन की सरकार है।प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से फेडरेशन आग्रह करता है कि कि वे पेंशनरों का दर्द व पुकार को सुनेंगे और इस समस्या का स्थाई हल कराकर उन्हें न्याय दिलायेंगे !

मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया है कि है कि पेंशनर्स को भी केंद्र सरकार के समान 2 प्रतिशत का

कुल 5 प्रतिशत अर्थात 55 प्रतिशत मंहगाई राहत, परिवार पेंशन राहत का आदेश निर्धारित तिथि से शीघ्र जारी कराएंगे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**छूट का लाभ लेने करदाताओं से महापौर, राजस्व प्रभारी एवं निगमायुक्त ने की अपील**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा आज दिनांक 10 मई 2025 दिन शनिवार को मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों में आयोजित किया गया है। इस संबंध में राजस्व विभाग के अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि लोक अदालत में अधिभार में करदाताओं को छूट मिलेगी। आयोजित नेशनल लोक अदालत में शहर के सम्माननीय करदाताओं को अधिक से अधिक छूट का लाभ मिले इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संबंधित अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर निर्देश दिये हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं से भी अपील की है कि बकाया करों की राशि में छूट का लाभ नेशनल लोक अदालत के माध्यम से दी जा रही है, इसलिए आप सभी करदाताओं से अपील है, कि अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में पहुँचकर छूट का लाभ लें।

अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रूपये से अधिक तथा 50 हजार रूपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी, उन्होंने बताया कि छूट उपरांत राशि अधिकतम् दो किश्तों में जमा कराई जायेगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा कराई जायेगी, शेष राशि अधिकतम एक माह में जमा कराना अनिवार्य होगा।

**पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव**

# नागपुर-गया-नागपुर एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01203/01204 नागपुर-गया-नागपुर एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 01-01ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

नागपुर-गया-नागपुर स्पेशल ट्रेन (02 सेवाएं)

गाड़ी संख्या 01203 नागपुर-गया स्पेशल ट्रेन दिनांक 10 मई 2025 को नागपुर स्टेशन से दोपहर 15¬40 बजे प्रस्थान कर, इटारसी रात 20¬40 बजे, जबलपुर रात्रि 23¬40 बजे, अगले दिन सतना 02¬15 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए रात 20¬30 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी। (01 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 01204 गया-नागपुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 13 मई 2025 को गया स्टेशन से रात 23¬45 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना सुबह 11¬45 बजे, जबलपुर दोपहर 14¬55 बजे, इटारसी 19¬15 बजे पहुँचकर,अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन मध्य रात्रि 00¬45 बजे नागपुर स्टेशन पहुंचेगी। (01 ट्रिप)

ठहराव- नरखेड जंक्शन, पांढुरना,आमला, बैतूल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी ऑन सोन। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन वेबसाइड से प्राप्त कर सकते हैं।

# शोभा यात्रा से हुआ संस्कार शिक्षण शिविर का भव्य समापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के तत्वावधान में दिनांक 1 से 9 मई तक श्री चिंतामणि पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर आनंद नगर आधारताल में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

जिसमे बच्चों को धर्म की शिक्षा संस्कारों का ,पूजन प्रशिक्षण आदि एवं महिला एवं पुरुष वर्ग को जैन धर्म की अमूल्य शिक्षाओं का ज्ञान दिया गया। शिविर समापन पर प्रातः काल जिनेंद्र भगवान की अभिषेक शांति धारा भक्तांबर महामंडल विधान एवं बच्चों को बुद्धि एवं आरोग्यता वर्धक संस्कार प्रदान किए गए यह अनुष्ठान संस्कराचार्य पंडित अरुण जैन शास्त्री जबलपुर द्वारा कराया गया तत्पश्चात विशाल भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें जैन ध्वज, मंगल कलश, मां जिनवाणी को सिर पर लेकर के सभी श्रावक लोग मंदिर की परिक्रमा किए। रात्रि 8¬00 बजे से भव्य समापन समारोह में सांगानेर से पधारे हुए विद्वानों का ,शिविर संयोजकों का ,प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान आने वाले प्रतिभागियों का एवं सभी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन श्री नवल कुमार जैन ने किया

पंडित अरुण जैन शास्त्री जबलपुर क्षेत्रीय प्रभारी जबलपुर संभाग के द्वारा शिविर के महत्व बताते हुए कहां ऐसे सिर्फ धर्म और संस्कृति को जीवंत रखने के लिए अति आवश्यक है ।उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन भरा मनीष जैन सुभाष बड़कुल अनिल जैन इंजीनियर संजय जैन पंडित अमित शास्त्री प्रदीप जैन रद्दी श्री यतिश जैन नवल जैन कैलाश जैन कटंगा नीरज जैन श्रीमती आभा निशा कोठारी अनीता जैन रश्मि जैन सुषमा जैन चंद्रकांता बड़कुल चंद जैन मीना जैन ज्योति जितेंद्र जैन आदि अनेक श्रावक श्राविका उपस्थित रहे।

# शास्त्रीय के साथ लोक नृत्य में महारत हासिल करने का अभ्यास



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मशाल परिसर में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत 144 लड़कियां व 8 लड़के जहां शास्त्रीय नृत्य के अंतर्गत जहां कत्थक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वहीं वे लोक नृत्यों की बारीकियां भी सीख रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागी प्रशक्षणार्थयों में नर्सरी कक्षा से ले कर कॉलेज स्तर की लड़कियां शामिल हैं लेकिन उनकी नृत्य के प्रति सीखने की लगन व मेहनत एक सी है।

प्रशक्षिण शिविर के प्रशक्षिक विश्वनाथ धारगे व उनकी सहयोगी रितु रजक, गुरमीत कौर मथारू, छाया पटेल व याशकि वर्मा सुबह के सत्र में प्रतिभागियों को कत्थक की प्रारंभिक शुरुआत के तत्कार, तोड़े से ताल व लय की बारीकियां सिखाते हैं। प्रशक्षिण के दौरान प्रतिभागियों को कत्थक की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास विशेष रूप से करवाया जा रहा है। प्रत्येक दिन दूसरे चरण में प्रतिभागियों को भारतीय लोक नृत्य शैली के अंतर्गत बुंदेली, छत्तीसगढ़ी व राजस्थानी नृत्य का प्रशक्षिण दिया जा रहा है। नृत्य प्रशक्षिण में प्रतिभागी तत्कार हस्त मुद्रायें (संयुक्त व असंयुक्त) ग्रीवा भेद, अंग संचालन, शास्त्रीय व उप शास्त्रीय, गैर शास्त्रीय, लोक नृत्यों की विशेषातायें का प्रशक्षिण दिया जा रहा है। नृत्य प्रशक्षिण की शुरुआत में प्रशक्षिणार्थियों को योग व व्यायाम के माध्यम से फिजीकल फिटनेस का मंत्र भी दिया जा रहा है। शिविर के पशिक्षक विश्वनाथ धारगे प्रतिभागियों की लगन, समर्पण व मेहनत से उत्साहित व अभिभूत हैं। वे कहते हैं कि प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाले समारोह में नृत्यों की विशेष प्रस्तुति होगी। शिविर के नन्हीं प्रतिभागी भी दर्शकों व परिजन के समक्ष नृत्य की प्रस्तुतियों को ले कर रोमांचित हैं और वे कहती हैं कि उनकी प्रस्तुति को देख कोई यह नहीं कह सकेगा कि उन्होंने इतने कम समय में शास्त्रीय के साथ लोक नृत्यों में इतनी महारत कैसे हासिल कर ली।

## सानिया जाफरी का कक्षा दसवीं में सुयश



जबलपुर। अंजुमन अंग्रेजी माध्यम हा.से. स्कूल, मढाताल की छात्रा कु. सानिया जाफरी ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा मे 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त कर स्कूल सहित शहर को गौरवान्वित किया हैं। उनकी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपनी मेहनत तथा अपने पिता मासूम का बाड़ा, तैय्यब अली चौक, नेपियर टाउन निवासी अधिवक्ता शाहरुख जाफरी को दिया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर नायक, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# चालू वित्तीय वर्ष में लोडिंग बढ़ाने हेतु समग्र प्रयास किये जाए - महाप्रबंधक

**वित्तीय वर्ष 2025 के प्रथम माह में 04.58 मिलियन टन माल लदान किया**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल ने माल लदान में वृद्धि दर्ज करते हुए चालू वित्तीय वर्ष के पहले माह में बेहतर प्रदर्शन किया है। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग तथा परिचालन विभाग के संयुक्त प्रयासों से चालू वित्तीय वर्ष के पहले माह अप्रैल 2025 में 4.58 मिलियन टन माल लदान किया, जो गत वित्तीय वर्ष अप्रैल 2024 में 4.51 मिलियन टन से लगभग डेढ़ प्रतिशत अधिक रहा।

पश्चिम मध्य रेल पर माल यातायात में कमोडिटी वाइज कई सामग्रियों का लदान किया जाता है। अप्रैल माह में सबसे अधिक कोयला लोडिंग में लगभग 44 प्रतिशत सहित अन्य ट्रैफिक खाद्यान्न, सीमेंट, क्लिंकर, खाद एवं रेल मटेरियल की लोडिंग में वृद्धि दर्ज की है, जिससे पश्चिम मध्य रेल के माल लदान में इजाफा हुआ है। रिव्यू मीटिंग में महाप्रबंधक की निरंतर मॉनटरिंग में बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के लिए मुख्यालय एवं तीनों मण्डलों को एक टीम वर्क के साथ समग्र प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक फ्रेट लोडिंग हो सके।

माल यातायात बढ़ाने के लिए निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं :-

? फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों में व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) के तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को बढ़ावा दिया जा रहा है। माल व्यापारियों के साथ निरंतर बैठकें की जाती हैं ।

? मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया। साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए गए।

? गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई।

? माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएँ शुरू की गईं ।

? नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेल में मुख्यालय एवं तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा द्वारा फ्रेट लोडिंग वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

**ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा**

# लंबित बिजली बिलों की वसूली की कार्य-योजना बनायें



जबलपुर- ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान अभ?यंताओं को निर्देशित किया कि लंबित बिजली बिलों की वसूली के लिये सुनियोजित कार्य-योजना बनायें। उन्होंने कहा कि बिजली बिल वसूली की त्रैमासिक समीक्षा करेंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और इसका क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करें। लाइन लॉसेस कम करने के लिये लक्ष्य तय करें। साथ ही अवैध बस्तियों में स्थायी बिजली कनेक्शन देने के संबंध में सभी पहलुओं का अध्ययन कर योजना बनायें। मंत्री श्री तोमर ने वितरण ट्रांसफार्मर में मीटरीकरण समय-सीमा में कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ई-केवाईसी, उद्योग मित्र योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिये। किसी भी घटना-दुर्घटना पर रखें कड़ी नजर-ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पड़ोसी देश के साथ चल रहे तनाव के मद्देजनर किसी भी घटना-दुर्घटना पर कड़ी नजर रखें। हर हाल में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। विद्युत व्यवधान नहीं होना चाहिये। जिला प्रशासन के सतत सम्पर्क में रहें, किसी भी स्तर पर मिस कम्युनिकेशन नहीं होना चाहिये। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर एमडी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी श्री अविनाश लवानिया, एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री क्षितिज सिंघल उपस्थित रहे। बैठक में एमडी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री अनय द्विवेदी, एमडी पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री अनूप सिंह, एमडी ट्रांसको श्री सुनील तिवारी और एमडी जनरेशन कम्पनी श्री मंजीत सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे।

# पाण्डुताल मैदान में नवोदित क्रिकेट खिलाड़ियों को मिल रही खेल के साथ नियमों की जानकारी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर इन दिनों नगर के नवोदित क्रिकेट का आकर्षण का केन्द्र बन गया है। नवोदित क्रिकेट खिलाड़ियों के उत्साह व उपस्थिति के कारण यह शिविर नगर का सबसे विशाल क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर बन गया है। शिविर की खास बात यह है कि इसमें प्रशिक्षणार्थियों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद की ओर से बैट, गेंद, ग्लब्स, पैड सहित अन्य जरूरी समान उपलब्ध कराये गये हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारियों ने गत दिवस मैदान में पहुंच कर क्रिकेट शिविर के प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ाया। पदाधिकारियों ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि शिविर में नगर के नवोदित क्रिकेट खिलाड़ी उत्साह से भाग ले रहे हैं और अनुशासन व समर्पण भावना के साथ मेहनत कर रहे हैं। क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में 8 से 16 वर्ष तक आयु के 138 नवोदित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें तीन लड़कि?यां भी हैं। इन खिलाड़ि?यों को दो आयु वर्ग में विभक्त कर गहन प्रश?क्षण दिया जा रहा है। 8 से 12 वर्ष आयु तक के प्रश?क्षणार्थि?यों को पूर्व स्टेट लेबल अंपायर हेमंत पोतदार, पीके सेन व अमित यादव और 12 से 16 वर्ष तक आयु वर्ग के ख?लाड़ि?यों को अनिल शर्मा, कुशलपाल सिंह, इकबाल खान, संजय झरबड़े तरूण विजयकर व सुरेश त्रिवेदी प्रश?क्षण दे रहे हैं। पाण्डुताल मैदान में प्रश?क्षण के लिए चार सीमेंट विकेट में नेट्स लगायी गई हैं। श?विर में प्रतिदिन शारीरिक प्रश?क्षण के अलावा बल्लेबाजी में ग्रि?प, स्टांस, बैक लिफ्ट, ड?फेंस व ड्राइव की बारीकियां समझायी जा रही हैं। गेंदबाजी में प्रश?क्षणार्थ?यों को एक्शन, रन-अप, स्व?िंग व स्पिन गेंदबाजी का प्रश?क्षण दिया जा रहा है। क्षेत्ररक्षण में प्रश?क्षणार्थि?यों को कैचिंग व ग्रांउड फील्ड?िंग का प्रश?क्षण दिया जा रहा है। श?विर के दौरान नवोदित ख?लाड़?यों को क्रिकेट के नियमों की जानकारी समय-समय पर दी जा रही है। प्रश?क्षण श?विर का संचालन 31 मई तक होगा।



भोपाल -मध्यप्रदेश मिनी एंड सब जूनियर स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट मंदसौर, जो कि 02 से 07 मई तक खेला गया। इसमे प्रदेश के विभिन्न जिलो से 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर 11, अंडर 13 और अंडर 15 मे बालक बालिका वर्ग में मुकाबले खेले गए। मध्य प्रदेश खेल और युवा कल्याण विभाग, बैडमिंटन डे बोर्डिंग योजना भोपाल के 10 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। बैडमिंटन डे बोर्डिंग भोपाल के खिलाडी स्वर्णिम विकास पाण्डेय ने राज्य स्तरीय मिनी और सब जूनियर प्रतियोगिता में 3 खिताब और कृतिका पाठक ने 2 खिताब अपने नाम किये।



**जनजातीय कला, बोली एवं संस्कृति का प्रशिक्षण देने के लिए खालवा में बनेगा देश का पहला ट्रायबल हॉस्टल-मुख्यमंत्री ने मंडला स्थित प्राचीन किले के जीर्णोद्धार के लिए 15 करोड़ रुपये देने की घोषणा की**

# जनजातीय कला और कलाकारों पर है मां सरस्वती का आशीष-मुख्यमंत्री डॉ. यादव




भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के जनजातीय कला और कलाकारों ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। जनजातीय समृद्ध कला विरासत और इसके कलाकारों को मां सरस्वती का आशीष प्राप्त है। जनजातीय कलाकारों की कल्पनाशीलता प्रशंसनीय है। एक सधे और गढ़े हुए हाथों से बारीक चित्रकारी कर जनजातीय कलाकारों ने पूरी दुनिया को अपना हुनर दिखाया है। हमारी सरकार सभी जनजातीय कलाओं के संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी सरकार विरासत से विकास की ओर बढ़ने के संकल्प के अनुरूप सभी प्राचीन कला, संस्कृति, परंपराओं और इनके कलाकारों को संरक्षण दे रही है। गोंड चित्रकला को जीआई टेग प्राप्त हो चुका है, जो इस चित्रकला और इससे संबंधित चित्रकारों को वैश्विक सम्मान मिलने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी प्रकार की जनजातीय शिल्प, चित्रकारी और कलाकारों को उनकी कला प्रदर्शन एवं बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न आयोजनों के जरिए समुचित मंच प्रदान करने का प्रयास कर रही है। हमने केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश के संपूर्ण जनजातीय वर्ग को विकास मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं और विकास कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। इन योजनाओं को जमीन पर उतारने का काम तेजी से प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय पराक्रम, शौर्य और बलिदान के प्रतीक राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और राजा हृदय शाह के मंडला स्थित प्राचीन किले के जीर्णोद्धार के लिए 15 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की महान विभूतियों को समुचित सम्मान मिले, इसके लिए राजधानी भोपाल में अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति स्टेशन रखा गया है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम से खरगौन में विश्वविद्यालय की शुरुआत भी की गई है। रानी दुर्गावती की धरती पर मंत्रि-परिषद की बैठक कर हमने उन्हें सम्मान दिया है।

हमारी सेनाएं मजबूत, हम एक सामर्थ्यवान देश के नागरिक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के सीमा पार से बढ़ती अतिवादी घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए की जा रही प्रतिरक्षा कार्यवाही के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई और साधुवाद देते हुए कहा कि हमें अपनी सेना पर पूरा विश्वास है। हमारी सेना मजबूती से राष्ट्र की सीमाओं पर तैनात है। हम एक सामर्थ्यवान देश के नागरिक है, जो हमारी संप्रभुता और नागरिकों पर आघात करेगा, हम बड़ी मजबूती से उसका जवाब देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश को आर्थिक रूप से मजबूती देते हुए तीनों सेनाओं को भी मजबूत और अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीमा पार अतिवाद को प्रतिकूल उत्तर देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्र सरकार का अभिनंदन किया। उन्होंने दुनिया के सामने अतिवाद का काला चिट्ठा पेश करने वाली मध्यप्रदेश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया की तीन पीढ़ियां सेना में रही हैं। वे देश में मध्यप्रदेश की शान बढ़ा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में भगवान बिरसा मुंडा और रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर 3 दिवसीय जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने महोत्सव में जनजातीय कला और खान-पान को प्रदर्शित करते स्टॉल्स का अवलोकन किया और यहां लकड़ियों पर चित्रकारी, मिट्टी से बनी आकृतियां और कपड़ों पर चित्रकारी और जनजातीय व्यंजनों की मुक्तकंठ से सराहना की। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 1000 जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला से जुड़े कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआई टेग प्राप्त गोंड पेंटिंग के 4 प्रमुख कलाकारों श्री आनंद श्याम, डिंडौरी जिले के श्री वेंकट, श्रीमती रामबाई और श्रीमती धनैया को अथॉराइज्ड यूजर कार्ड वितरित किए। इसी प्रकार जनजातीय कलाकारों श्री कुंवर बैगा, सुश्री अनिस बाई एवं श्रीमती कीर्ति किशन को विशेष प्रशिक्षण किट वितरित की।

यह किट राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान भोपाल की ओर से जनजातीय कलाकारों के लिए तैयार की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा स्थित श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय पर केन्द्रित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि बदलते दौर में जनजातीय कला, संस्कृति और परम्पराओं के विलुप्त होने की आशंका बढ़ती जा रही है। इसीलिए हमारी सरकार जनजातीय महोत्सव, ट्राइबल आर्ट फेयर जैसे आयोजन कर जनजातीय कला-संस्कृति के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जनजातीय कलाकारों और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र ही प्रदेश स्तर पर जनजातीय क्षेत्रों में ट्राइबल मार्ट खोले जाएंगे। प्रारंभ में शहडोल, धार, खण्डवा एवं मंडला में ट्रायबल मार्ट खोले जा रहे हैं। इसके लिए योजना मद में एक-एक करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। इन ट्रायबल मार्ट्स का संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## मध्यप्रदेश में कृषि और उद्योग का समन्वय आत्मनिर्भरता की दिशा में दूरगामी पहल -प्रभारी मंत्री काश्यप



भोपाल (आरएनएस) एमएसएमई और भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कृषि और उद्योग के समन्वय का अनूठा प्रयोग प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य में नई क्रांति ला रहा है। कोर्टयार्ड बाय मैरियट में आयोजित मध्यप्रदेश में गन्ना फसल एवं शुगर कारखानों के सतत् विकास सम्मेलन में मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि खेती भारत की आत्मा है और एमएसएमई विभाग के माध्यम से शुगर फैक्ट्रियों की स्थापना से किसानों को बेहतर मार्केटिंग, तकनीकी सहायता एवं वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे ग्रामीण आर्थिक विकास को नई गति मिल रही है।

सम्मेलन में प्रदेश के एमएसएमई और कृषि विभाग के अधिकारी, उद्योगपति तथा किसान प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 3 मई को मंदसौर में आयोजित बड़े कृषि समारोह में कृषि मेले में उद्योगों को शामिल करने का यह पहला प्रयास मध्यप्रदेश की नई दृष्टि को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि सिंचित क्षेत्र 7 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 55 से 60 लाख हैक्टेयर तक पहुंच गया है, जिससे प्रदेश की जीडीपी में कृषि का योगदान उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है।

प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने और उत्पादकता के साथ जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। शुगर मिलों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये भूमि, बिजली और ऋण योजनाओं में विशेष रियायतें दी जा रही हैं। इससे कृषि क्षेत्र को बल मिलेगा, बेरोजगारी में कमी आएगी और आर्थिक समृद्धि के नए आयाम खुलेंगे।

## निर्माण कार्यों में लायें गति, समानांतर रूप से खरीदें आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर-उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी श्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वास्थ्य अधोसंरचना निर्माण कार्यों में गति लाने और समानांतर रूप से आवश्यक उपकरण और फर्नीचर खरीदने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय शीघ्र प्रारंभ हो सके इसके लिए आवश्यक उपकरण और फर्नीचर की उपलब्धता भी साथ ही सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए मैनपॉवर की उपलब्धता बढ़ाने पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में स्वास्थ्य विभाग के अधोसंरचना विकास संबंधी कार्यों की वृहद समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी परियोजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधियों से पूर्व में ही चर्चा की जाए तथा उनके साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किए जाएं। उन्होंने उपस्थित विधायक गण से भी कहा कि वे उनके क्षेत्र विशेष के कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति आदि से समय-समय पर अवगत कराएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निर्माण कार्यों, अधोसंरचना विकास कार्यों में गति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बजट का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो, ताकि कार्यों की गति बनी रहे और गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लैंड एलॉटमेंट की प्रक्रिया यथासंभव शीघ्रता से करने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य जैसी बुनियादी और जनहितकारी व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारी प्राथमिकता पर ध्यान दें। उन्होंने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्?द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र/आरोग्य मंदिर से संबंधित विभिन्न पूर्ण हो चुके तथा निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। सागर जिले में उक्त सभी कार्यों की अनुमानित लागत लगभग 447 करोड़ रुपए है जो विभिन्न निर्माण एजेंसियों जैसे पीडब्ल्यूडी, पीआईएयू, हाउसिंग बोर्ड आदि से संबंधित हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जिला चिकित्सालय के अंतर्गत 100 बिस्तरीय नवीन भवन के शीघ्र लोकार्पण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब में एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार बीना अस्पताल के रिनोवेशन /नवीनीकरण तथा वहां डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बंडा पीएचसी में बाउंड्री वॉल को प्रस्ताव शामिल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार 15वें वित्त के तहत कार्यों को शीघ्रता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देशित किया

## स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट

भोपाल (आरएनएस) मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में छूट प्रदान की जाएगी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह छूट एलवी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी।

एल.वी.-1 घरेलू और एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह एल.वी.-2ट गैर-घरेलू और एल.वी.-4ट एल.टी. औद्योगिक ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उपरोक्त दोनों ही श्रेणियों में यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी।

## विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित बजट का शत-प्रतिशत करें उपयोग- मंत्री चौहान



भोपाल-(आरएनएस) अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि विभाग में जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग करें। आवंटित बजट का उपयोग शासन की मंशानुरूप अनुसूचित वर्ग के नागरिकों के कल्याण में किया जाए। यह बात मंत्री श्री चौहान ने गुरुवार को मंत्रालय में वित्तीय वर्ष 2025- 26 में बजट प्रावधान एवं व्यय की समीक्षा के दौरान कही। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश भी दिए। प्रमुख सचिव श्री ई. रमेश कुमार, आयुक्त श्री धनंजय भदौरिया, अपर आयुक्त संजय वार्ष्णेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि अनुसूचित जाति विभाग अंतर्गत छात्रावासों में रिक्त सीटों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा आगामी मई एवं जून माह में छात्रावासों की रिक्त सीटें भरने के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि छात्रावास अधीक्षकों की कार्यशाला का आयोजन भी आगामी माह किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों में शिक्षकों की पर्याप्त संख्या हो एवं पढ़ाई का स्तर भी प्रतियोगी परीक्षाओं के बदलते स्वरूप के अनुरूप हो, जिससे अनुसूचति जाति वर्ग के अधिक विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सफल हो सके। उन्होंने कहा कि संभागवार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की मांग के अनुसार कार्य योजना बनायी जाए।

मंत्री श्री चौहान के कहा कि इस वित्तीय वर्ष में बजट के संपूर्ण व्यय की माइक्रो प्लानिंग कर बजट खर्च किया जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में जन-प्रतिनिधियों की मांगो का भी अनुसरण करें। उन्होंने छात्रावास भवन विहीन छात्रावासों के निर्माण का कार्य शीघ्र से पूर्ण करें, जिससे छात्र- छात्राओं को असुविधा न हो। उन्होंने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की भी समीक्षा की।

## गांधी सागर बांध से 891.944 एमसीएम पानी छोड़ने की अनुमति जारी

भोपाल -मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग जयपुर द्वारा प्रदत्त अनापत्ति एवं अनुशंसा के तहत ग्रीनको ग्रुप द्वारा 1920 मेगावॉट पम्प स्टोरेज परियोजना के निर्माण के लिये गांधीसागर बांध से 891.944 एमसीएम जल प्रवाहित करने की निर्धारित शर्तों पर अनुमति जारी की गई है। प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग भोपाल श्री विनोद कुमार देवड़ा ने मुख्य अभियंता जल संसाधन उज्जैन को निर्धारित शर्तों के अधीन पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक उपयोग के लिए आवश्यक जल गांधीसागर बाँध में संग्रहित रखने के निर्देश दिये हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि बाँध से जल प्रवाहित करने के लिए निर्धारित ऑपरेशन मैन्यूअल/बाँध सुरक्षा के मापदण्डों का पालन करना होगा। बाँध से जल प्रवाहित किये जाने के लिए निर्धारित (म.प्र. एवं राजस्थान राज्य) अंतर्राज्यीय नियंत्रण समिति/सदस्यों से परस्पर समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बाँध के निचले क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक अलार्मिंग तंत्र के संज्ञान में लाकर जल प्रवाहित किये जाने की कार्रवाई की जाये। गांधीसागर जलाशय से प्रवाहित 891.944 एमसीएम जल के राणा प्रताप सागर बाँध में सुरक्षित संग्रहण एवं समुचित उपयोग के संबंध में राजस्थान राज्य के संबंधित मुख्य अभियंताओं से आवश्यक समन्वय किया जाए।

## आधार के अनुप्रयोग से सुगम हो रहा सुशासन, खुल रहे नवाचार के नये रास्ते




भोपाल (आरएनएस) भारत एमपी कार्यशाला में ' विषय पर विशेष सत्र कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित किया गया। सत्र में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के प्रतिनिधियों ने आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से सामाजिक कल्याण, नवाचार और ज्ञान आधारित सुशासन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के संबंध में जानकारी दी।

उप महानिदेशक आमोद कुमार ने आधार की प्रभावशीलता और राज्यों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने की आधारित चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली ने आधार सेवा की गतिशीलता बढ़ा दी है। साथ ही लाभार्थी की डाटा सुरक्षा में बढ़ोतरी भी हुई है। प्रौद्योगिकी केंद्र, बेंगलुरु के श्री सुमित आनंद ने इस नवीन प्रणाली के तकनीकी पक्षों को विस्तार से समझाया।

भारत सरकार के मिशन के अपर सचिव श्री सौरभ कुमार तिवारी ने बताया कि कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की व्यावहारिक चुनौतियों को आधार प्रमाणीकरण प्रणाली में आये तकनीकी नवाचारों ने और सुगम बना दिया है।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश के निदेशक श्री सुमित मिश्रा ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं से राज्यों की विशेष आवश्यकताओं का ज्ञान होता है। इन कार्यशालाओं से आधार सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने और लाभार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप और सक्षम बनाने के लिए आवश्यक जानकारियां मिलती हैं। इससे आधार की भूमिका को शासन के हर स्तर पर अधिकतम उपयोगी बनाने में सहायता मिलती है।

**विश्वविद्यालयों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण एवं विश्वविद्यालयीन प्राध्यापकों की नियुक्ति आदि के लिए गठित समितियों ने अंतिम प्रतिवेदन सौंपा**

## उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए, विश्वविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध- उच्च शिक्षा मंत्री परमार

भोपाल (आरएनएस) उच्च शिक्षा मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में मंत्रि-परिषद के निर्णय के परिपालन में गठित विश्वविद्यालयों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के संबंध में गठित समिति एवं विश्वविद्यालयीन प्राध्यापकों की भर्ती, नियुक्ति, पेंशन आदि के लिए गठित समिति की बैठक लेकर विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की।



विश्वविद्यालयों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के संबंध में गठित समिति ने विश्वविद्यालय की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ करने एवं अन्य बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श कर, अनुशंसाओं के अंतिम प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया। श्री परमार ने कहा कि समिति द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन में निहित अनुशंसाओं पर, विभागीय परीक्षण उपरांत प्रभावी क्रियान्वयन का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में विश्वविद्यालयीन प्राध्यापकों की भर्ती, नियुक्ति, पदोन्नति, पेंशन आदि के लिए गठित समिति ने, महाविद्यालयों की तरह विश्वविद्यालयीन प्राध्यापकों की भर्ती, नियुक्ति, पदोन्नति, पेंशन आदि से जुड़े विविध विषयों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मापदंडों के अनुसार एकरूपता रखी जाने को लेकर व्यापक चिंतन-मंथन कर, अंतिम प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया गया। मंत्री श्री परमार ने प्रस्तुत अंतिम प्रतिवेदन के विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना, सम्पूर्ण देश का प्रण है। शिक्षा के माध्यम से ही देश को पुनः विश्वमंच पर सिरमौर बनाया जा सकता है। इसके लिए विश्वविद्यालयों को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा को उत्तरोत्तर बेहतर बनाने के लिए, विश्वविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। श्री परमार ने कहा कि विश्वविद्यालय, स्वायत्त आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए आदर्श रेवेन्यू मॉडल तैयार करें। निधि का, लघु अवधि एवं दीर्घ अवधि के लिए निवेश करने की कार्ययोजना बनाने को लेकर भी चर्चा हुई।

श्री परमार ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय रिक्त पदों पर भर्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों को रिक्त पदों में, नियमानुरूप एवं समस्त आवश्यक मापदंडों एवं मानकों का पालन करते हुए यथाशीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, विश्वविद्यालयों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के संबंध में गठित समिति के अध्यक्ष प्रो. आर.पी. तिवारी, कुलपति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालयीन प्राध्यापकों की भर्ती, नियुक्ति, पेंशन आदि के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. भरत मिश्रा सहित 11 सदस्यीय उक्त दोनों समितियों के विभिन्न सदस्य कुलगुरुगण, उनके प्रतिनिधि एवं समन्वय अधिकारी उच्च शिक्षा श्री अनिल पाठक उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है



## आतंकवाद कोई साधारण अपराध नहीं

यह समझ तो अब दुनिया भर में है कि आतंकवाद कोई साधारण अपराध नहीं है। बल्कि इसके जरिए आतंकवाद के संरक्षक अपने रणनीतिक उद्देश्य हासिल करना चाहते हैं। सीमा पार से संचालित भारत विरोधी आतंकवाद भी इससे अलग नहीं है। सेना नेतृत्व और सैन्य कमांडरों को सीमा उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई की पूरी छूट देना कोई नया फैसला नहीं है। नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से यह आम जानकारी रही है कि अब सेना के हाथ बंधे हुए नहीं हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में मंगलवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई सर्वोच्च स्तर की बैठक के जो एलान हुआ, उसे उपरोक्त निर्णय की ही फिर से पुष्टि माना जाएगा। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा- 'जवाबी कार्रवाई के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने के मामले में सशस्त्र बलों को कदम उठाने संबंधी पूरी स्वतंत्रता है।' इससे संदेश ग्रहण किया जा सकता है कि जवाबी कार्रवाई स्थानीय स्तर पर होगी और यह आतंकवादियों या उनके ठिकानों पर केंद्रित होगी। यह कार्रवाई कब और कहां हो, यह मौके पर तैनात कमांडर तय करेंगे। इसका अर्थ यह निकलता है कि पाकिस्तान के खिलाफ व्यापक युद्ध की संभावना फिलहाल नहीं है। जबकि 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से ऐसी अटकलें रही हैं कि इस बार पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाएगा।

पहले सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट पर हमले जैसी स्थानीय जवाबी कार्रवाइयां हुई हैं, लेकिन उनसे सीमा पार से संचालित आतंकवाद खत्म करने में कामयाबी नहीं मिली है। जब तक आतंकवाद को संरक्षण एवं प्रश्रय का ढांचा सीमा पार मौजूद है, ऐसा होने की स्थिति बनेगी भी नहीं।

# भारत ने आर्थिक प्रगति के बल पर आतंकवादी ठिकानों को किया नेस्तनाबूद

भारत ने अंतत: पाकिस्तान के कई आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर ही दिया। भारत के इस कठोर कदम से भारतीय नागरिकों को संतुष्टि मिली है, विशेष रूप से उन परिवारों को जिन्होंने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में अपने सगे सम्बन्धियों को खोया है। विश्व के लगभग समस्त देशों ने भारत के इस कदम का समर्थन ही किया है क्योंकि आतंकवादियों से अपने देश के नागरिकों की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का प्रथम कर्तव्य है। भारत को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले करने का साहस कहां से मिलता है। यह मिलता है भारतीय नागरिकों की एकजुटता से, वर्तमान केंद्र सरकार पर देश के नागरिकों का भरपूर विश्वास है एवं वह यह सोचती है सही समय पर एवं सही स्थान पर भारतीय सेना आतंकवादियों पर हमला करके अपने नागरिकों के मारे जाने का बदला जरूर लेगी। दूसरे, संभवत- भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति से भी केंद्र सरकार को कठोर निर्णय लेने का बल मिलता है। इस संदर्भ में, हाल ही में अच्छी खबर यह आई है कि भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चोथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं संभवत- वर्ष 2026 के अंत तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था आज भी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। विश्व के लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भारत के संदर्भ में यह भविष्यवाणी करते हुए दिखाई दे रहे है कि आगे आने वाले कई दशकों तक भारत इसी प्रकार विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा।

भारत ने पिछले 10/11 वर्षों के दौरान वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रमों को लागू किया है। जिसका परिणाम स्पष्ट रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। माह अप्रेल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण नित नई ऊंचाईयां छूते हुए 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गया है। यह सब देश के नागरिकों द्वारा अप्रत्यक्ष करों के नियमों का अनुपालन करने के चलते सम्भव हो पा रहा है। अप्रेल 2025 माह में ही फैक्ट्री उत्पादन के मामले में पिछले 10 माह के उच्चत्तम स्तर को पार किया गया है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में तेजी से बढ़ती जा रही है और यह अपने पिहले 7 माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। और तो और, सरकारी उपक्रमों एवं निजी कम्पनियों की लाभप्रदता में भी भारी सुधार देखने में आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने 70,901 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसी प्रकार, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 69,621 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक ने 64,062 करोड़ रुपए, ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, टाटा कंसल्टैसी सर्विसेज लिमिटेड ने 45,908 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक ने 44,256 करोड़ रुपए, इंडियन आइल कॉर्पोरेशन ने 41,729 करोड़ रुपए, लाइफ इन्शुरन्स कॉर्पोरेशन ने 40,915 करोड़ रुपए, कोल इंडिया लिमिटेड ने 37,402 करोड़ रुपए एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड ने 31,399 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। आपको ध्यान में होगा कि आज से कुछ वर्ष पर तक केंद्र सरकार को कई सरकारी उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए लाखों करोड़ रुपए की सहायता केंद्रीय बजट के माध्यम से इन सरकारी उपक्रमों की करनी होती थी। आज स्थित एकदम बदल गई है एवं आज ये लगभग समस्त उपक्रम केंद्र सरकार के लिए कमाऊ पूत की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं एवं करोड़ों रुपए का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध करा रहे हैं। यह सब केंद्र सरकार द्वारा इन उपक्रमों में सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के चलते ही सम्भव हो सका है।

वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत भयावह स्थिति में पहुंच गया था तथा उस समय भारत के पास केवल 15 दिवस के आयात के बराबर ही विदेशी मुद्रा भंडार बच गया था और भारत को अपने स्वर्ण भंडार को ब्रिटेन के बैंकों में गिरवी रखकर विदेशी मुद्रा भंडार की व्यवस्था करनी पड़ी थी। आज स्थिति इस ठीक विपरीत है आज भारत के पास लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है और यह 68,813 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के ऊपर निकल गया है जो भारत के इतिहास में आज तक के उच्च्तम स्तर के बहुत करीब है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से विभिन्न उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर 82,490 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं।

# असली लड़ाई जाति की नहीं धर्म की

हरिशंकर व्यास

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने हिंदू-मुस्लिम का जो राग छेड़ा और उसके बाद जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर हिंदुओं का जैसा नरसंहार किया उससे भारत की राजनीति बड़े पैमाने पर प्रभावित हो सकती है। भारत में पिछले कुछ समय से राजनीति बदली थी। लोकसभा चुनाव में संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई कारगर साबित हुई थी। भाजपा की मंदिर और धर्म के एजेंडे के बरक्स विपक्षी पार्टियों ने अपना गठबंधन बनाया था और अपना एजेंडा आगे किया था। वह एजेंडा धर्म की राजनीति को फेल करने वाला था।

उसमें जाति आधारित जनगणना की मांग थी। आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने का वादा था और संविधान बचाने का संकल्प था। भाजपा के कई नेताओं ने चार सीट जीतने और उसके बाद संविधान बदलने की जो बात कही थी उसका मुद्दा भी था। एक तरफ भाजपा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की हवा पर सवार थी और उसको लग रहा था कि यह मुद्दा हिंदुओं को पहले से ज्यादा एकजुट कर देगा लेकिन उसके मुकाबले जाति का मुद्दा ज्यादा प्रभावी हो गया। भाजपा ने अपनी जीती हुई 63 सीटें गंवा दी। सहयोगियों की स्थिति भी अच्छी नहीं रही। लोकसभा के इस नतीजे के बाद हालांकि राज्यों के चुनाव में सब कुछ बदल गया और भाजपा ने ज्यादातर राज्यों में चुनाव जीत लिए। लेकिन उन राज्यों में भी भाजपा की जीत धर्म की बजाय जातिगत गणित बैठाने से हुई। तभी भाजपा किसी ऐसे मौके की तलाश में थी, जिससे विपक्षी पार्टियों की जाति की राजनीति की काट हो सके। वह मौका मिला है मुनीर के दो राष्ट्र के सिद्धांत वाले भाषण और उसके बाद पहलगाम में हुए हिंदुओं के नरसंहार से।

## ......तो क्या ऑपरेशन सिंदूर के प्रतिरक्षात्मक मायने को समझ पाएगी आतंकी दुनिया? या फिर.....!

ताजा सैन्य कार्रवाई की खास बात यह है कि भारतीय सेना ने सिर्फ पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है और वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है, जो भारत की शांतिप्रियता और आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाता है।

पहलगाम सांप्रदायिक आतंकी हमले के बाद भारत ने अपने पड़ोसी शत्रु देश पाकिस्तान के ऊपर आरोप लगाते हुए वहां स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर अपने इंडियन आर्मी के तीनों धड़ों के एक संयुक्त अभियान के मार्फ़त जो ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक किए हैं, वह भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की दिशा में उठाया हुआ एक उचित कदम है। उम्मीद है कि मोदी सरकार अब इस सिलसिले को थमने नहीं देगी, खासकर तबतक जबतक कि आतंकियों का समूल रूप से नाश नहीं हो जाए। सूत्रों के अनुसार खबर आ रही है कि पीएम आवास से पीएम मोदी पूरा ऑपरेशन देख रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी की नजर थी।

वहीं, एहतियाती तौर पर भारत सरकार ने अपने देश को इंडियन एयरफोर्स के सहारे हाई अलर्ट मोड पर रखे हुए है, ताकि पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जा सके। हमारा स्पष्ट मानना है कि भारत के इस पलटवार के प्रतिरक्षात्मक मायने को न केवल पाकिस्तान, पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश और चीन को समझना चाहिए, बल्कि वर्ल्ड इस्लामिक काउंसिल (ओआईसी) और उनके आका पश्चिमी देशों को भी यह समझना चाहिए कि भारतीय जनभावनाओं की शांति के लिए ऐसा निर्णायक कदम उठाना भारत सरकार के लिए कितना जरूरी था।

......और हां, इंडियन आर्मी या एयरफोर्स या नेवी ने या फिर उनकी संयुक्त कमान ने पाकिस्तान की सरजमीं पर घुसकर ऐसा निर्णायक प्रहार कोई पहली बार नहीं किया है, बल्कि उरी आतंकी हमले और पुलवामा आतंकी हमले के बाद भी भारतीय सेनाएं ऐसा कर चुकी हैं। इससे उम्मीद बंधती है कि भारतीय सेना उचित समय पर पाकिस्तान का सही इलाज करना जानती है और उसकी राह में कोई भी अंतरराष्ट्रीय दबाव काम नहीं आता है। इसबार भी लगभग यही नजर आया। ताजा सैन्य कार्रवाई की खास बात यह है कि भारतीय सेना ने सिर्फ पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है और वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है, जो भारत की शांतिप्रियता और आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाता है। चूंकि भारत ने एक बार फिर से पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर जोरदार एयर और मिलिट्री स्ट्राइक की है, जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम दिया गया है। लिहाजा इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मायने भी स्पष्ट हैं। बता दें कि भारतीय संस्कृति में सिंदूर का विशेष महत्व है और इसकी लाज रखने के लिए भारतीय शूरवीरों और उनकी पटरानियों ने या फिर आम आदमी ने भी एक बार नहीं बल्कि बार-बार निर्णायक कदम उठाए हैं।

## पहलगाम का ऐसा मंदिर जहां महादेव ने काटा था गणेश का शीश, जानिए पौराणिक कथा

हाल की में कश्मीर का सुंदर और शांत स्थान पहलगाम आतंकवादी हमले का शिकार हो गया था। हिमालय की गोद में बसे पहलगाम की शांति और सुरक्षा को आतंकियों ने बड़ा झटका दिया था। इस आतंकी हमले में कई पर्यटकों की मौत हो गई थी। आतंकी हमले के बाद पहलगाम में सन्नाटा पसरा हुआ है। ऐसे में लोग यहां जाने से डर रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पहलगाम की खूबसूरत वादियों में मन की शांति और धार्मिक आस्था से जुड़ा एक ऐसा फेमस मंदिर है। यह मंदिर लिद्दर नदी के पास समुद्र तल से 2200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

पहलगाम के ममलका गांव में ममलेश्वर मंदिर का निर्माण लोहरा वंश के राजा जयसिंह ने 12वीं शताब्दी में करवाया था। राजा जयसिंह ने इस मंदिर की छत पर सोने का कलश चढ़वाया था। ममलेश्वर मंदिर में भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है और मंदिर में दो सुंदर नंदी की मूर्तियां भी हैं। यहां पर एक प्राकृतिक झरना बहता है, जिसका पानी कुंड में एकत्रित होता है। ममलेश्वर मंदिर को मम्मल मंदिर भी कहा जाता है। तो आइए जानते हैं इस मंदिर से जुड़ी पौराणिक कथा के बारे में... शिवपुराण के मुताबिक एक बार मां पार्वती ने स्नान करने से पहले उबटन लगाया और फिर उबटन उतारकर हल्दी का एक पुतला बनाया।

## सिंधु जल समझौता रद्द करने पर भारत ने अमल करना शुरू किया

भारत ने चिनाव नदी पर बने बगलिहार बांध के गेट पूरी तरह गिरा दिए हैं और एक दो दिन मे जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में स्थित किशनगंगा जल परियोजना बांध के गेट भी बंद कर देगा इस आशय की खबर जम्मू कश्मीर के सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता ने जारी की है । न्यूयॉर्क टाइम्स, गार्जियन, पाकिस्तान के डॉन अखबार में प्रकाशित हुई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द करने पर अमल शुरू कर दिया है। बगलिहार, किशनगंगा जल परियोजना बांध हाइड्रल पावर स्टेशन है जहां क्रमश: ९०० वाट, और 332 मेगावाट विद्युत उत्पादन होता है। सिंधु जल समझौता के अनुसार 1960 में पूर्वी नदियों रावी व्यास सतलुज नदियों पर भारत और पश्चिमी झेलम चिनाव इंडस नदियों पर पाकिस्तान का अधिकार दिया गया था।

भारत ने 1991 में पहल कर झेलम और चिनाव नदियों पर हाइड्रल पावर स्टेशन स्थापित कर लिया।इन पावर स्टेशन से बाहर निकल कर जल पाकिस्तान के सिंधु प्रांत में चला जाता है। जहां पर इस जल से 17.5 लाख हैक्टेयर भूमि में सिंचाई होती है।यही हालात किशनगंगा जल परियोजना बांध से बाहर निकल कर जल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में चला जाता है और 30 लाख हैक्टेयर भूमि पर सिंचाई होती है। जम्मू कश्मीर जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता ने कहा है कि दोनों बगलिहार किशनगंगा बांध से गाद यानी सिल्ट निकलने का कार्य चल रहा है इस लिए बांधो के गेट दो महीनों के लिए बंद कर दिए हैं।उसके बाद डैम सेफ्टी पैनल का केंदीय सरकार टीम दौरा कर लेगी तब तक गेट बंद रहेंगे। 1948 से अब तक हुए तीन युद्ध से भी भीषण भारत पाकिस्तान के बीच तकरार का नया दौर आरंभ हो गया है।

भारत सरकार ने इस बार 1971 से भी अधिक कड़े कदम उठाने का फैसला किया है। दूसरी ओर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहवाज शरीफ ने कहा है कि अगर भारत ने पानी रोका तो युद्ध माना जाएगा। और भारत ने पानी रोक दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने सेना को कहा है कि वह अपने स्तर पर युद्ध का फैसला ले यानी सरकार की ओर से फ्री हैंड दे दिया गया है।

22 अप्रैल से अब तक 15 दिन गुजरे हैं और भारत सरकार और भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर तैयारी की है ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी स्तर की लम्बी लड़ाई की तैयारी कर रहे हैं।जल,वायु,थल, सेना और अर्द्ध सैनिक बलों को भी हरी झंडी दे दी गई है। बीएसएफ, सीआरपीएफ, ष्टद्बस्स्न, आईटीबीपी, राज्य पुलिस बल , आइपीएस अधिकारियों, आईएएस अधिकारियों, मुख्यमंत्रियो, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस बार भारत सरकार कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है।

## भगवान शिव को समर्पित है बिहार का ये फेमस मंदिर, दर्शन मात्र से पूरी होती हैं भक्तों की मुराद

देश के पूर्वी भाग में स्थित बिहार प्रसिद्ध और ऐतिहासिक राज्य है। क्षेत्रफल के हिसाब से यह 12वां सबसे बड़ा राज्य है। वहीं ऐतिहासिक राज्य को बुद्ध की नगरी के नाम से भी जाना जाता है। बिहार ऐतिहासिक चीजों के साथ ही कई धार्मिक स्थलों के लिए भी जाना जाता है। बिहार में बोधगया, पटन देवी मंदिर और राजधानी पटना में स्थित हनुमान मंदिर के दर्शन के लिए रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। बिहार में स्थित अशोक धाम एक ऐसा धार्मिक स्थल है, जोकि पूर्ण रूप से भगवान शिव को समर्पित है। सावन और महाशिवरात्रि के मौके पर अशोक धाम में हजारों की संख्या में शिव भक्त अशोक धाम पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अशोक धाम के बारे में बताने जा रहे हैं।

बिहार के लखीसराय जिले में स्थित अशोक धाम भगवान शिव का फेमस और प्राचीन मंदिर है। अशोक धाम को इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है। अशोक धाम बिहार की राजधानी पटना से करीब 125 करीब किमी है। वहीं यह बेगूसराय से 44 किमी दूर और बरौनी से करीब 39 किमी की दूरी पर मौजूद है।

# पहलगाम की घटना से सदमे में घाटी में लोगों

हरिशंकर व्यास

कश्मीर घाटी और कश्मीरियों का बदलना आंखों देखा है। साक्षात आज सामने है! क्या किसी ने सपने में कभी सोचा कि पुराने श्रीनगर, डाउनटाऊन श्रीनगर में आतंकी घटना के विरोध में लोग दुकानें बंद रखेंगे! पर वैसा हुआ। कश्मीर में बंद रहा। लाल चौक में बंद और प्रदर्शन हुआ। घाटी में लोग यह खबर सुन सदमे में थे कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को मारा है!

खुद पहलगाम में अगले दिन मुख्य सड़क पर लोगों ने घटना के खिलाफ बड़ी संख्या में प्रर्दशन किया! कोई आश्चर्य नहीं जो कश्मीरियों की इस प्रतिक्रिया से वह संगठन भी घबरा गया, जिसने छूटते ही हमले की जिम्मेवारी ली थी।

घाटी से भाग कर आए पर्यटकों ने लाइव बताया है कि हमले के बाद कश्मीरियों, मुसलमानों ने उनकी हर संभव मदद की। इंसानियत दिखलाई। बेरूखी, नफरत की बजाय दुख, पीड़ा और हमदर्दी की संवेदना में माना कि बहुत बुरा हुआ! ऐसे ही श्रीनगर के अखबारों, मीडिया ने घटना की निंदा और भर्त्सना में कमी नहीं दिखाई।

क्या यह धंधा चौपट होने के स्वार्थ में था? या प्रशासन-सरकार के दबाव में था? ऐसा यदि कुछ मानें भी तो पुराने श्रीनगर में दुकानों का शटडाउन होना, जामा मस्जिद में जुमे की नमाज में मीर वाइज का एक मिनट का मौन रखवाना और आतंकी हमले की भर्त्सना के क्या अर्थ हैं? मेरे लिए, शेष भारत के लिए यह सब अविश्नसनीय सा है।

दरअसल घाटी और घाटी के मुसलमानों की नीयत के साथ इस्लाम को ले कर हममें जैसी जो धारणा पैठी हुई है उसमें यह मानना, समझना आसान नहीं है कि जिंदगी की जरूरत भी जीना बदलवा सकती है। आबोहवा बदलवा सकती है।

घाटी व कश्मीरियों का बड़ा सत्य यह अनुभव है जो अनुच्छेद 370 हटने के बाद उन्होंने कुछ नया फील किया। लोगों की मनोदशा में, नई पीढ़ी, लड़के-लड़कियों, महिलाओं और उस पीढ़ी ने यह महसूस किया कि कुछ भी हो, अमन से सुकून की जिंदगी है। अमन है तो जिंदगी न केवल सामान्य और सहज होती है, बल्कि कमाई चौतरफा बढ़ती है।

आबोहवा बदलती है। शहर बदलता है। श्रीनगर, स्मार्ट सिटी होता है। घाटी की पैदावार की बिक्री से लेकर शिक्षा, परिवहन सबमें बेहतरी मुमकिन है। पर्यटकों का सैलाब आ सकता है। रोजगार और कमाई के अवसर बढ़ सकते हैं।

मेरा मानना है कि 1987 के धांधली वाले विधानसभा चुनावों से घाटी की बरबादी के शुरू सफर से बनी कश्मीरी इमेज में नया मोड़ बनवाने वाली तारीख पांच अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 का हटना था। अब दूसरा मोड़ 22 अप्रैल 2025 को कश्मीरियों की प्रतिक्रिया का है। पहलगाम की घटना ने कश्मीरियों में जुगुप्सा, आतंकियों के प्रति तटस्थता, नाराजगी या गुस्सा या असहमति कुछ भी बनाई हो वह अनहोनी बात है। और इसे गहराई से समझने की जरूरत है। उसी अनुसार सरकार और प्रशासन को घाटी में लोगों को संभालना, हैंडल करना चाहिए।

पाकिस्तान से हमारी दुश्मनी, हिंदू बनाम मुस्लिम की राजनीति अपनी जगह चाहे जो पाले रखें लेकिन इसके तनाव और लड़ाई में घाटी की जमीनी मनोदशा को न समझना, उसकी केयर न करना, उसे पाकिस्तानी मनोदशा का मानना ढाक में तीन पात वाली स्थिति लौटाने वाली गलती होगी।

बेसिक दिक्कत मेरे, आपके और शेष भारत की घाटी और कश्मीरियों के प्रति बनी हुई धारणा और दिमाग में पैठी इमेज की है। यह अविश्वास है कि न कश्मीर बदला है और न कश्मीरी बदल सकते हैं। और अविश्वास का ताजा, खतरनाक बिंदु तब दिखा जब गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में सुरक्षा संबंधी बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को नहीं बैठाया! भला क्यों? क्या अब्दुल्ला और उनका परिवार भरोसेमंद नहीं है? क्या वे महज दिखावे के मुख्यमंत्री हैं? क्या वे आतंकियों के भेदिए, पाकिस्तानी एजेंट या अलगाववादी हैं?

स्वतंत्र भारत का दुर्भाग्य है, गंवारपने और मूर्खताओं की इंतहां है जो आईबी, रॉ जैसी खुफिया एजेंसियों से देश का प्रधानमंत्री हो या गृह मंत्री या गृह मंत्रालय के कश्मीर डेस्क के अफसर असुरक्षाओं में ऐसे जीते हैं कि एक आईबी चीफ बीएन मलिक ने पंडित नेहरू के कान भर कर शेख अब्दुल्ला को बरखास्त करवाया तो 1984 में आईबी चीफ एमके नारायणन ने फारूक अब्दुल्ला को बरखास्त करवाया।

वही 2014 से मोदी सरकार को खुफिया प्रमुख अजित डोवाल घाटी के अब्दुल्ला और मेहबूबा को उसी निगाह, उसी समझ, उसी मनोवृत्त में समझाते हैं, जैसे उनके पूर्ववर्ती एमके नारायणन या बीएन मलिक समझाते थे। दूसरे शब्दों में 1947 में भारत ने घाटी में जितने प्रयोग (सोचें, वीपी सिंह के समय मुफ्ती मोहम्मद देश के गृह मंत्री थे तो अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उमर अब्दुल्ला केंद्रीय मंत्री) किए हैं उस सबके अंत में ऐसी की तैसी दिल्ली की खुफियाई एजेंसियों द्वारा सत्तावान नेताओं के कान भरने, नेताओं को असुरक्षित बनाने, उनमें अविश्वास बनवाने तथा जमीनी लापरवाही व ढिलाई से बरबाद हुए हैं।

बेसिक बात है कि अगस्त 2019 के बाद घाटी में वह हुआ जो घाटी के लोगों ने पर्यटकों को नए-नए इलाकों में घूमाने का सिलसिला बनवाया। एक जानकार के अनुसार पर्यटकों के सैलाब से पहलगाम इलाके में चार सौ नई प्रॉपर्टी का निर्माण हो रहा है! भीड़ के कारण ही टूरिस्ट ऑपरेटरों या होटल वालों ने पहलगाम के अगल-बगल की छोटी घाटियों में पर्यटकों को घुमाना शुरू किया।

क्या यह बात आईबी, रॉ, सेना, बीएसएफ, पुलिस या तमाम खुफिया एजेंसियों को नहीं जाना हुआ होना था? पर किसी को पता नहीं था! और आतंकी मजे से बैसरन घाटी में आए और पर्यटकों को मारा। मेरा मानना है कि शेष भारत के पर्यटकों को समझ आया कि कश्मीर बदल गया है, घूमने लायक हो गया है। एयरलाइंस, होटल मालिकों, कश्मीरियों को भी समझ आया कि बदले कश्मीर के अवसरों को भुनाओ मगर भारत की खुफिया एजेंसियों को समझ नहीं आया! अफसरों को समझ नहीं आया कि कश्मीर नया होता हुआ है तो उसको नई जिम्मेवारी, नई समझदारी और नएपन के साथ संभाला जाए!

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि हो सकती है।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना ले। आज किसी भी प्रकार का अनुचित काम आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जाएगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनाएंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नजर आएंगी। आज दूसरों के मामले में दखलंदाजी से बचना आपके लिए अच्छा रहेगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। बेहतर रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी,

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कुछ समय मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किये जा सकते हैं। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। कुछ समय से चल रहे पारिवारिक वाद-विवाद निपटने से घर में सुकून और शांति पूर्ण माहौल रहेगा।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज अपनी भावनाओं के साथ दूसरों के भावनाओं का ख्याल रखेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना रिश्तों में मधुरता लाएगा।

मीन राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों से बातचीत की, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच वर्तमान में सांबा में सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मैं कुछ समय पहले जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं। पुंछ में स्थिति गंभीर है। उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे।

# हनुमान जी के आदर्श का पालन करते हुए बदला लिया : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना के %ऑपरेशन सिंदूर% पर रिएक्शन दिया। उन्होंने सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने सभी भारतवासियों का मस्तक ऊंचा किया है। भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास रच दिया है।

उन्होंने कहा कि हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते हुए किया था। हमने केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 50 इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की शुरुआत के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा, ÿपीएम मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने सभी भारतवासियों का मस्तक ऊंचा किया है। कल रात भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास रच दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें ठीक समय, तय योजना के अनुसार सटीकता के साथ ध्वस्त किया है और किसी भी नागरिक ठिकाने को प्रभावित न होने देने की संवेदनशीलता भी हमारी सेना ने दिखाई है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना के जवानों ने एक तरीके की सटीकता, सतर्कता और मानवीयता दिखाई है। जिसके लिए मैं सेना के जवानों और अधिकारियों को पूरे देश की तरफ से साधुवाद देता हूं। सेना को संपूर्ण संबल प्रदान करने के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी को भी साधुवाद देता हूं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते हुए निभाया था। %जिन्ह मोहि मारा तिन मोहि मारे%... हमने केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पहले की तरह इस बार भी आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंप को तबाह करके करारा जवाब दिया है। भारत ने अपनी सरजमीं पर हुए हमले का जवाब देने के लिए, अपने 'प्रतिक्रिया के अधिकार' का इस्तेमाल किया हैङ्घ हमारी यह कार्रवाई, बेहद सोच-समझकर, सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से, यह कार्रवाई, महज उनके ठिकानों और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर तक ही सीमित रखी गई है। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत माता की जय% के नारे भी लगाए।

**अटैक के बाद पीएम मोदी का पहला बयान- जैसी तैयारी थी सेना ने वैसा ही किया**

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम के इस अभियान को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस संबंध में कैबिनेट की बैठक की और सेना के शौर्य की सराहना की। कैबिनेट सूत्रों के मुताबिक, बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट सहयोगियों को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए इस सफल ऑपरेशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने पूरी तैयारी के साथ और बिना किसी चूक के इस कार्रवाई को अंजाम दिया, जो हम सभी के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री ने सेना के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत केंद्रीय कैबिनेट के सभी मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश उनके साथ मजबूती से खड़ा है। गौरतलब है कि भारतीय सेना ने बीती देर रात 1 बजे से 1ः30 बजे के बीच पाकिस्तान के भीतर स्थित आतंकी अड्डों पर मिसाइल हमले किए। इनमें मुरीदके स्थित लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के लॉन्चिंग पैड समेत कुल नौ ठिकाने शामिल थे। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, इस कार्रवाई में कम से कम 100 आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है।

पाकिस्तान के खिलाफ देर रात की गई इस सैन्य कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए आज रक्षा विभाग और विदेश मंत्रालय की एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।



पुलवामा जिले के पंपोर के वुयान में एक मस्जिद के परिसर में पाए जाने के बाद एक अज्ञात विमान का मलबा जेसीबी के माध्यम से ले जाया गया। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

# ऑपरेशन सिंदूर : कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान को सबूत के साथ दिखवाई औकात

नई दिल्ली (आरएनएस)। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री, वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी शामिल हुईं। सैन्य अधिकारियों ने आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले की क्लिप भी दिखाई। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारतीय सशस्त्र बलों की दो जांबाज महिला अधिकारी हैं, जिन्होंने %ऑपरेशन सिंदूर% की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर देश का गौरव बढ़ाया। आइए आपको वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में बताते हैं।

कर्नल कुरैशी भारतीय सेना की एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने अपने साहस, नेतृत्व और समर्पण से देश का गौरव बढ़ाया है। वह मूल रूप से गुजरात की रहने वाली हैं। सोफिया का परिवार सैन्य परंपरा से जुड़ा हुआ है। उनके दादा भारतीय सेना का हिस्सा थे, जबकि उनके पिता ने कुछ वर्षों तक सेना में धार्मिक शिक्षक के रूप में सेवाएं दीं। इस पारिवारिक पृष्ठभूमि ने सोफिया को सैन्य सेवा के प्रति प्रेरित किया। उनकी निजी जिंदगी में भी सेना से गहरा नाता है। सोफिया की शादी मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री के अधिकारी मेजर ताजुद्दीन कुरैशी से हुई है और उनका एक बेटा समीर कुरैशी है।

कर्नल सोफिया ने 1999 में चेन्नई की ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन हासिल किया। इसके बाद उन्होंने कई महत्वपूर्ण मिशनों में हिस्सा लिया। साल 2006 में उन्होंने कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशन में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में सेवा दी। 2010 से वह शांति स्थापना अभियानों से जुड़ी रहीं। पंजाब सीमा पर ऑपरेशन पराक्रम और उत्तर-पूर्व भारत में बाढ़ राहत कार्यों में उनके योगदान के लिए उन्हें जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) और सिग्नल ऑफिसर-इन-चीफ (एसओ-इन-सी) के प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए।

कर्नल सोफिया ने 2016 में 'एक्सरसाइज फोर्स 18' में भारतीय दल की अगुवाई कर इतिहास रचा। यह भारत द्वारा आयोजित सबसे बड़ा बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास था, जिसमें वह 18 देशों के दलों में एकमात्र महिला अधिकारी थीं। उनके इस सराहनीय नेतृत्व से न केवल भारत का मान बढ़ाया, बल्कि महिला सैन्य अधिकारियों के लिए एक मिसाल कायम की। हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफिंग में उनकी उपस्थिति ने एक बार फिर उनके कद को उजागर किया। इस ऑपरेशन में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमलों को अंजाम दिया गया, जिसमें सोफिया की रणनीतिक भूमिका महत्वपूर्ण थी।

भारतीय वायुसेना में हेलीकॉप्टर की बेहतरीन पायलट विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारत के लक्षित हमलों के बाद ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग का नेतृत्व किया।

## ऑपरेशन सिंदूर' के बीच मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान से कहा- 'औकात में रहो'

मुंबई (आरएनएस)। पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को सलाम करते हुए गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप शेयर करते हुए कहा कि कुल चार युद्ध हुए और पाक हमसे कभी जीत नहीं सका, तो मैं कह सकता हूं कि उन्हें औकात में रहना चाहिए। इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो क्लिप शेयर करते हुए मनोज मुंतशिर ने लिखा, औकात में रहो।

वहीं, वीडियो में वह कहते नजर आए, मैं एक बात सोचता हूं कि पाकिस्तान ने पूरे इतिहास में हमसे कुल चार युद्ध लड़े और चारों हमसे हार गए। तो वो जो मेडल लटकाए चलते हैं, वो क्या कैंडी क्रश गेम खेलकर जीते हैं? आटा मांगने के लिए लाइन लगाते हैं, लेकिन चाहिए उन्हें कश्मीर।

पड़ोसी मुल्क पर तंज कसते हुए मुंतशिर ने उन्हें सलाह भी दे दी। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें एक मशवरा दे देता हूं कि इस दुनिया में रहने के लिए एक से बढ़कर एक जगह हैं, लेकिन अच्छा ये है कि औकात में रहो।

इससे पहले मनोज मुंतशिर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की तस्वीर शेयर करते हुए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया।




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और अन्य वरिष्ठ नेता 24 अकबर रोड, नई दिल्ली में एक आपातकालीन अनौपचारिक बैठक के दौरान.

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पंजाब में अलर्ट : 5 जिलों में स्कूल बंद, अमृतसर-चंडीगढ़ एयरपोर्ट बंद

चंडीगढ़ (आरएनएस)। भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद पंजाब में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट, फाजिल्का और फिरोजपुर जिलों में अगले आदेश तक सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। सुरक्षा कारणों से करतारपुर कॉरिडोर भी बंद कर दिया गया है।

सीएम भगवंत मान और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के आज के पंजाब दौरे के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। अमृतसर एयरपोर्ट 10 मई तक बंद रहेगा, जबकि चंडीगढ़ एयरपोर्ट को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।

सीएम भगवंत मान ने ङ्ग पर कहा, आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। हमें अपनी भारतीय सेना और वीर सैनिकों पर गर्व है। वहीं कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि फिलहाल सरकार के सारे कार्यक्रम रद्द किए गए हैं। पंजाब की जनता से अपील है कि सरकार की एडवाइजरी का पालन करें। सेना के साथ पूरा पंजाब खड़ा है। नेताओं की अपील के साथ प्रशासन ने सीमावर्ती इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले का जवाब है 'ऑपरेशन सिंदूर' : शांभवी चौधरी

पटना (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले का बदला भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके ले लिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर लोजपा (रामविलास) सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है। पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से दिया है।

बुधवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान शांभवी चौधरी ने कहा कि भारतीय सेना को सलाम करते हैं। आज अगर हम सुरक्षित महसूस करते हैं, तो यह भारतीय सेना की वजह से है। बहुत ही रणनीतिक और समझदारी भरे तरीके से आतंकवादियों के बेस कैंपों को पूरी तरह से नष्ट किया गया है। पहलगाम में टूरिस्टों पर हमले का कड़ा जवाब दिया गया है और कहीं न कहीं भारत की अखंडता और संप्रभुता पर हमला करने वालों को करारा जवाब मिला है।

उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि आतंकवादियों की बची जमीन को भी मिट्टी में मिला देंगे। ऑपरेशन सिंदूर के तहत उसे मिट्टी में मिला दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की वजह से आज हर भारतीय सुरक्षित महसूस करता है। बिहार के पांच जिलों में होने वाली मॉक ड्रिल पर उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय की ओर से जो गाइडलाइंस आई है। हमें उसका पालन करना होगा। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। यह हमारी भलाई के लिए किया जा रहा है। बता दें कि रक्षा मंत्रालय की ओर से भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया,

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद 11 एयरपोर्ट्स से ऑपरेशन बंद, एयर इंडिया ने 9 शहरों में सभी उड़ानें रद्द कीं

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय सेना ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के नौ ठिकानों पर सटीक हमला किया। इसके बाद देश के कई इलाकों से उड़ानों को रद्द या देर से चलाया गया। 11 सीमावर्ती हवाईअड्डों पर फ्लाइट ऑपरेशन तत्काल प्रभाव से बंद कर दिए गए हैं। प्रभावित हवाईअड्डों में जम्मू, श्रीनगर, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लैटफ़ॉर्म ङ्ग पर बताया कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानें दोपहर तक रद्द कर दी गई हैं। इसके साथ ही दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को अमृतसर से दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया।

स्पाइसजेट और इंडिगो ने भी पुष्टि की है कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, धर्मशाला और अमृतसर हवाईअड्डों पर फिलहाल कोई परिचालन नहीं हो रहा है और इन रद्दीकरणों से व्यापक प्रभाव पड़ा है।



पुलवामा में भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद बढ़े अलर्ट के बीच अर्धसैनिक बल के जवान पंपोर में कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में पाकिस्तान और नेपाल से सटे सीमावर्ती राज्यों के उपराज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के साथ सुरक्षा स्थिति पर समीक्षा बैठक की।

# हम चाहते थे आतंकवादियों का सफाया हो, सशस्त्र बलों ने कर दिखाया : अजय राय

वाराणसी (आरएनएस) । 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को एयर स्ट्राइक कर ध्वस्त कर दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की इस जवाबी कार्रवाई से पूरे देश में खुशी की लहर है और भारत में राजनीतिक दलों की ओर से भी प्रतिक्रिया आ रही हैं। यूपी कांग्रेस के चीफ अजय राय ने भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया है। यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय ने कहा कि निश्चित रूप से हम चाहते थे कि देश की रक्षा के लिए लाया गया राफेल सक्रिय कार्रवाई करे, आतंकवादियों का सफाया करे और आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों से निपटे। वह कार्रवाई हुई है, जो पूरे देश की इच्छा थी। जब हम पीड़ित परिवारों से मिले, तो उन्होंने अपने बेटों, पतियों और मारे गए निर्दोष नागरिकों के लिए तत्काल प्रतिशोध की इच्छा व्यक्त की। हम लगातार यह मांग उठाते रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, इसी कारण से, मैंने यह मुद्दा उठाया और मैं अपने सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व है और हम चाहते हैं कि भारतीय सेना आगे भी आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई करे और आतंकवाद को जड़ से खत्म करे। बता दें कि हाल ही में राफेल को लेकर अजय राय ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि राफेल पर नींबू-मिर्च सरकार ने बांधा है, मैं बस याद दिला रहा हूं कि राफेल से नींबू-मिर्च कब हटेंगे और राफेल अपना काम कब करेगा? उनकी इस टिप्पणी का काफी विरोध भी हुआ था। खुद उनकी पार्टी के लोगों ने इसे सही नहीं करार दिया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि उन्होंने काफी हल्की बात की है। किस संदर्भ में उन्होंने यह बात की है, इस बारे में तो वही बेहतर बता सकते हैं। लेकिन, एक समझदार व्यक्ति होने के नाते उन्हें समझना चाहिए कि हथियार और हवाई जहाज महत्वपूर्ण चीजें होती हैं। हमारी सेना के हथियारों को खिलौना नहीं कहना चाहिए।

**सभी अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां रद्द,**

नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक के बाद केंद्र सरकार ने सभी अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। गृह मंत्रालय ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को बॉर्डर पर हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। पूरे देश में मॉक ड्रिल की तैयारी भी शुरू हो गई है।



जब दो देशों के बीच तनाव की स्थिति बनती है तो इसकी चर्चा हर जगह होती है। इस समय भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में भारतीय सेना द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। इसी बीच बॉलीवुड की एक बेहतरीन युद्ध फिल्म चर्चा में आ गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच लोंगेवाला की लड़ाई (1971) पर आधारित हिंदी फिल्म ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ओटीटी पर लोगों का ध्यान खींच रही है।

# मैंने कभी भी फ़ैड डाइट या चरमपंथ में विश्वास नहीं किया: कृष्णा श्रॉफ

कृष्णा श्रॉफ ने कहा फिटनेस का मतलब संतुलन है, ना कि अतिशयता! जब तक आप एक सीमित दायरे में हैं... आप स्वस्थ रहेंगे। एक ऐसी दुनिया में जहाँ लोग क्विक फिक्स परिणामों और ड्रामेटिक बदलावों के पीछे भागते हैं, कृष्णा श्रॉफ स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति एक संतुलित और टिकाऊ नजरिया अपनाने की वकालत करती हैं। उनका मानना है कि फिटनेस का मतलब अवास्तविक लक्ष्यों के पीछे भागना नहीं है, बल्कि मानसिक और शारीरिक संतुलन पाना है।



कृष्णा कहती हैं, मैंने कभी फैड डाइट्स या किसी भी तरह की अतिशयता में विश्वास नहीं किया। जब तक आप अपने पोषण, ट्रेनिंग और जीवनशैली में एक निश्चित सीमा के भीतर रहते हैं, तब तक आप एक स्वस्थ ज़ोन में रहते हैं। इस दृष्टिकोण ने न केवल उनकी अपनी सेहत की यात्रा को आकार दिया है, बल्कि उनके फ़िटनेस ब्रांड के माध्यम से उनके द्वारा बढ़ावा दिए जाने वाले माहौल को भी आकार दिया है।

कृष्णा ऐसी जीवनशैली की बात करती हैं जिसमें गहनता से यादा निरंतरता को प्राथमिकता दी जाती है, और शारीरिक लक्ष्यों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दी जाती है। उनका संदेश यह स्पष्ट करता है कि स्वास्थ्य का मतलब खुद को भूखा रखना या थका देना नहीं है, बल्कि ऐसे आदतों को अपनाना है जो वास्तविक और दीर्घकालिक हों। इस सोच को और भी असरदार बनाती है उनकी यह आंतरिक समझ कि व्यक्ति अंदर से जैसा महसूस करता है, वही असली मायने रखता है।

मैं सच में मानती हूँ कि आप जितना अच्छा महसूस करते हैं, उतने अच्छे आप कभी दिख नहीं सकते। और जितने अच्छे आप दिखते हैं, उतना अच्छा आप हमेशा महसूस नहीं करते, वह आगे कहती हैं। फ़िल्टर्ड परफ़ेक्शन और बाहरी मान्यता से भरी इस युग में, कृष्णा का संदेश एक ऐसी वास्तविकता के साथ सामने आता है जो आपको फ़िटनेस इंडस्ट्री में शायद ही देखने को मिले!

## केसरी वीर की रिलीज डेट आगे बढ़ी, अब 23 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

पिछले दिनों सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय अपनी फिल्म 'केसरी वीर' का प्रमोशन करते नजर आए। यह फिल्म पहले 16 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। अचानक इस फिल्म की रिलीज डेट बदल दी गई है। जानिए, फिल्म 'केसरी वीर' की नई रिलीज डेट क्या है?

'केसरी वीर' के मेकर्स ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि उनकी फिल्म अब 23 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। देश और दुनिया में इस दिन फिल्म 'केसरी वीर' को रिलीज किया जाएगा। फिल्म 'केसरी वीर' में सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली ने योद्धाओं के रोल किए हैं वहीं विवेक ओबेरॉय खलनायक के रोल में नजर आ रहे हैं।

# तमन्ना भाटिया ने रेड ड्रेस में शेयर किया फोटोशूट, फैंस बोले-चांद की तरह चमक रही हो

साउथ और बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में से एक तमन्ना भाटिया के लाखों लोग दीवाने हैं। साउथ फिल्मों में शोहरत पाने के बाद उन्होंने बॉलीवुड में भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा। वह सोशल मीडिया के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया, जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए लेटेस्ट फोटोशूट में तमन्ना भाटिया रेड कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस ड्रेस के साथ उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा है और पैरों में हाई हील्स पहनी हैं। फैंस उनकी इस अदाओं पर कायल हो रहे हैं। उनका यह फोटोशूट वायरल हो रहा है। इस फोटोशूट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में रेड रोजेस के इमोजी का इस्तेमाल किया। इन तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा- मनमोहक, दूसरे फैन ने लिखा- चांद की तरह चमक रही हो, अन्य फैन ने लिखा- रेड ब्यूटी क्वीन।



तमन्ना ने महज 15 साल की उम्र में एक्टिंग क्षेत्र में कदम रखा और फिल्म चांद सा रोशन चेहरा में काम किया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही, लेकिन उनके काम को पसंद किया गया। तमन्ना ने कुछ वीडियो एल्बम में भी काम किया। इसके साथ-साथ तेलुगू और तमिल फिल्मों में भी कदम रखा। साल 2005 में आई फिल्म श्री ने उनकी किस्मत बदल दी, यह फिल्म सुपरहिट रही। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और कई हिट फिल्में दीं। साल 2013 में उन्होंने बॉलीवुड में एंट्री की और अजय देवगन के साथ फिल्म हिम्मतवाला में काम किया। इसके बाद वह अक्षय कुमार के साथ फिल्म एंटरटेनमेंट में नजर आईं। उन्हें साल 2015 में आई बाहुबली: द बिगिनिंग और साल 2017 में रिलीज हुई बाहुबली: द कन्क्लूजन से खास पहचान मिली। उन्होंने अवंतिका नाम की एक योद्धा का किरदार निभाया।

## भूल चूक माफ का गाना टिंग लिंग सजना जारी, धनश्री संग डांस करते दिखे राजकुमार राव

डांसर-कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा ने हाल ही में अपने सभी फैंस को चौंका दिया है। भूल चूक माफ फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना रिलीज किया है, जिसमें धनश्री वर्मा ने अपने डांस स्टेप्स से सबको दीवाना बना लिया है। आइए जानते हैं किस गाने में धनश्री ने मचाई धूम।

राजुकमार राव और वामिका गब्बी अभिनीत फिल्म भूल चूक माफ फिल्म का चौथा गाना रिलीज हुआ है। इस गाने का नाम है टिंग लिंग सजना। इस आइटम सॉन्ग में धनश्री वर्मा शानदार ठुमके लगाती नजर आ रही हैं। गाने की शुरुआत अभिनेता राजकुमार राव से होती है, जिसमें वह बैचलर सरप्राइज पार्टी का आनंद उठाने जाते हैं। इसके बाद धनश्री की गाने में धमाकेदार एंट्री होती है, जिसमें वह लाल रंग के स्लीवलेस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। उनके डांस मूव्स ने वहां मौजूद सभी को अपनी दीवाना बना लिया। इस गाने में तनिष्क बागची और मधुवंती बागची ने अपनी आवाज दी है, वहीं बात करें लीरिक्स तो इसे इरशाद कामिल ने लिखा है। करण शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म भूल चूक माफ 09 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के अलावा सीमा पाहवा अहम किरदार में हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में डांसर धनश्री वर्मा भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक को लेकर चर्चा में थीं। भूल चूक माफ फिल्म के इस गाने से धनश्री ने सभी को चौंका दिया है। इससे पहले अभिनेत्री को अपारशक्ति खुराना के साथ 'बल्ले नी बल्ले' फिल्म के एक गाने देखा जी देखा मैंने में देखा गया था, जो ज्योति नूरन द्वारा गाया गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार आने वाले समय में एक्ट्रेस तेलुगु फिल्म आकाशम दाती से एक्टिंग में डेब्यू करने वाली हैं।

# विजय देवरकोंडा की किंगडम का नया पोस्टर जारी, 30 मई को सिनेमाघरों में धूम मचाएगी मूवी

किंगडम' का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। विजय देवरकोंडा को इससे पहले इस अंदाज में कभी नहीं देखा गया है। टीजर में उनकी कच्ची ऊर्जा, मजबूत आकर्षण और बेलगाम जुनून सब झलक रहा है। ऐसा लगता है जैसे कोई तूफान आ रहा है, जिसे रोकना असंभव है। इस लुक में विजय पूरी तरह से बदल गए हैं। उनकी स्क्रीन उपस्थिति ही बताती है कि इस बार कुछ बड़ा होने वाला है।

टीजर में उनका अंदाज देख फैन्स एक ही बात कह रहे हैं, ये अवतार अब तक का सबसे बेबाक और फायरब्रांड लुक है। फिल्म का क्रेज पहले से ही काफी ज्यादा था और अब टीजर ने उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। निर्माताओं ने प्रशंसकों के लिए उल्टी गिनती भी शुरू कर दी है, क्योंकि फिल्म की रिलीज में केवल 50 दिन बचे हैं। 'किंगडम' के निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया पर एक दमदार पोस्टर शेयर कर फिल्म की रिलीज की उल्टी गिनती शुरू कर दी है।

टीजर ने जो जुनून पैदा किया वह वास्तविकता से परे था ङ्क अब कल्पना कीजिए कि फिल्म क्या करेगी। इस टीज़र ने रिकॉर्ड तोड़ दिया, मात्र 24 घंटे में 10 मिलियन व्यूज पार कर लिए गए। दर्शकों का उत्साह अपने चरम पर है, और फिल्म ने अपनी रिलीज से पहले ही इतिहास रच दिया है, यह पहली फिल्म बन गई है जिसके साउंडट्रैक के लिए पूरी तरह से एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) द्वारा डिजाइन किया गया विषयगत वीडियो रिलीज किया गया है।

विजय देवरकोंडा, गौतम टी और अनिरुद्ध रविचंदर की फिल्म किंगडम 30 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। टीजर ने जो जुनून पैदा किया वह वास्तविकता से परे था ङ्क अब कल्पना कीजिए कि फिल्म क्या करेगी। इस टीज़र ने रिकॉर्ड तोड़ दिया, मात्र 24 घंटे में 10 मिलियन व्यूज पार कर लिए गए। दर्शकों का उत्साह अपने चरम पर है, और फिल्म ने अपनी रिलीज से पहले ही इतिहास रच दिया है, यह पहली फिल्म बन गई है जिसके साउंडट्रैक के लिए पूरी तरह से एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) द्वारा डिजाइन किया गया विषयगत वीडियो रिलीज किया गया है। विजय देवरकोंडा, गौतम टी और अनिरुद्ध रविचंदर की फिल्म किंगडम 30 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की केसरी 2 की कमाई में भारी गिरावट, लाखों में सिमटा कारोबार**

अक्षय कुमार की फिल्म केसरी: चैप्टर 2 को बीते 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। जलियांवाला बाग हत्याकांड के दर्द को बयां करती इस फिल्म ने शुरुआती 2 हफ्तों में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन रेड 2 की रिलीज के कारण इसकी कमाई पर असर पड़ा है।

अब केसरी 2 की कमाई के 18वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो बेहद निराशाजनक हैं। फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट चुका है।

**जैकलीन फर्नांडिस की है जुनून का ट्रेलर जारी, 16 मई से जियो हॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम**

पिछली बार अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ नजर आई थीं, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।

इन दिनों जैकलीन अपनी वेब सीरीज है जुनून को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार नील नितिन मुकेश के साथ बनी है।

अब निर्माताओं ने है जुनून: ड्रीम, डेयर, डोमिनेट का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं।

है जुनून एक म्यूजिकल ड्रामा सीरीज है, जो मुंबई के प्रतिष्ठित एंडर्सन कॉलेज की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह कहानी न सिर्फ संगीत और सुरों की दुनिया की झलक दिखाती है, बल्कि उस संघर्ष, प्रतिस्पर्धा को भी सामने लाती है, जिससे आज की युवा पीढ़ी गुजरती है। इसमें सुमेध मुद्गलकर, सिद्धार्थ निगम, युक्ति थरेजा, प्रियांक शर्मा समेत कई युवा कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखेंगे।

# गर्मियों के दौरान क्यों जरूरी है सनस्क्रीन? जानिए सही सनस्क्रीन का चयन कैसे करें

गर्मियों में सूरज की किरणें हमारी त्वचा पर गहरा असर डालती हैं। यूवी किरणें त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं, जिससे उम्र से पहले झुर्रियां, दाग-धब्बे और यहां तक कि त्वचा के गंभीर रोग भी हो सकते हैं। इसलिए हर किसी को अपनी त्वचा की देखभाल के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए।

आइए जानते हैं कि त्वचा के प्रकार के अनुसार सनस्क्रीन का चयन कैसे करना चाहिए।

तैलीय त्वचा के लिए कैसा होना चाहिए सनस्क्रीन का चयन?

अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो आपको ऐसी सनस्क्रीन का चयन करना चाहिए, जो जेल आधारित हो, हल्की हो और बिना तेल वाली हो।

इसके अलावा ऐसी सनस्क्रीन का चयन करें, जिसमें सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव के लिए उपयुक्त गुण हों।

इस तरह की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा पर चिपचिपाहट नहीं होगी और यह इसे सूरज की हानिकारक किरणों से बचाएगी।

रूखी त्वचा के लिए कैसे होनी चाहिए सनस्क्रीन?

अगर आपकी त्वचा रूखे प्रकार की है तो आपको क्रीम आधारित और नमी देने वाली सनस्क्रीन का चयन करना चाहिए।



यह आपकी त्वचा को नमी देने के साथ-साथ सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचा सकती है।

इसके अलावा ऐसी सनस्क्रीन का चयन करें, जो आपकी त्वचा को पूरी तरह से सुरक्षा प्रदान करें और आपकी त्वचा नमी युक्त बनी रहे।

संवेदनशील त्वचा के लिए क्या है सही?

संवेदनशील त्वचा वालों के लिए ऐसी सनस्क्रीन का चयन करना चाहिए, जो बिना सुगंध वाली हो और प्राकृतिक तत्वों से बनी हो क्योंकि किसी भी तरह के आर्टिफिशियल तत्व त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

संवेदनशील त्वचा वालों की सनस्क्रीन में एलोवेरा, खीरा या ग्रीन टी जैसे तत्व होने चाहिए। ये तत्व संवेदनशील त्वचा को ठंडक पहुंचाने के साथ ही सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद कर सकते हैं।

मिश्रित त्वचा के लिए किस तरह की सनस्क्रीन होगी बेहतर?

अगर आपकी त्वचा मिश्रित है तो आपको नमी देने वाले गुणों से भरपूर ऐसी सनस्क्रीन का चयन करना चाहिए, जो आपकी त्वचा के तैलीय हिस्से को नियंत्रित करने में मदद करेगी।

इसके अतिरिक्त सनस्क्रीन का चयन करते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि यह आपकी त्वचा को पूरी सुरक्षा प्रदान करे।

इस तरह की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा पर चिपचिपाहट नहीं होगी और यह इसे सूरज की हानिकारक किरणों से बचाएगी।

सनस्क्रीन का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए? सबसे पहले अपने चेहरे को धोकर हल्के हाथों से सुखाएं, फिर चेहरे, गर्दन और हाथों पर अच्छी तरह से सनस्क्रीन लगाएं।

अगर आप बाहर किसी कार्यक्रम में जा रहे हैं तो सनस्क्रीन को कुछ समय पहले ही लगाएं ताकि आपकी त्वचा इसे अच्छी तरह से सोख सके।

# बद्ध कोणासन: जानिए इस योगासन को करने का तरीका और इससे जुड़ी अन्य जरूरी बातें

योग एक प्राचीन भारतीय एक्सरसाइज है, जो शरीर और मन दोनों के लिए फायदेमंद होता है। योग में कई आसन होते हैं, जिनमें से एक है बद्ध कोणासन, जिसे बाधा कोण मुद्रा भी कहा जाता है।



यह आसन खासतौर पर जांघों की लचीलापन बढ़ाने और शरीर के संतुलन को सुधारने में मदद करता है।

आइए इस योगासन को करने के तरीके और इससे जुड़ी सावधानियों के बारे में जानते हैं।

बद्ध कोणासन करने का तरीका

सबसे पहले जमीन पर बैठकर पैरों को आगे की ओर फैलाएं।

अब पैरों को मोड़कर अपने दोनों तलवों को आपस में मिला लें।

इसके बाद दोनों हाथों से तलवों को पकड़ें। अपने दोनों घुटनों को आराम-आराम से तितली के पंखों की तरह ऊपर-नीचे करें। इस दौरान सामान्य रूप से सांस लेते रहें।

कुछ सेकंड बाद धीरे-धीरे आसन छोड़ें और फिर से दोहराएं।

बद्ध कोणासन के दौरान रखें इन बातों का ध्यान

अगर आपको पीठ या गर्दन में कोई समस्या है तो इस आसन का अभ्यास करने से बचें।

इसके अलावा अगर आपके घुटनों में दर्द है या घुटनों का ऑपरेशन हुआ है तो भी इस आसन को न करें।

बद्ध कोणासन के दौरान शरीर का कोई भी हिस्सा जोर-जबरदस्ती न करें क्योंकि इससे चोट लगने की संभावना बढ़ सकती है।

पीरियड्स के दौरान महिलाओं को यह योगासन नहीं करना चाहिए।

बद्ध कोणासन के फायदे

बद्ध कोणासन का नियमित अभ्यास करने से जांघों और कूल्हों की मांसपेशियों में लचीलापन बढ़ता है।

यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूती देने में भी मदद करता है। बद्ध कोणासन से पाचन क्रिया भी बेहतर होती है।

इसके अलावा यह योगासन मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। इस आसन से रक्त संचार भी बेहतर होता है और यह शरीर में ऊर्जा का संचार करता है।

बद्ध कोणासन से जुड़ी महत्वपूर्ण टिप्स

अगर आप इस योगासन में नए हैं तो किसी विशेषज्ञ की निगरानी में इसका अभ्यास करें। शुरुआत में यह मुश्किल लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे अभ्यास से इसकी तकनीक समझ में आने लगेगी। बद्ध कोणासन के दौरान सांसों पर विशेष ध्यान दें और किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें। इसके अलावा नियमित रूप से इसका अभ्यास करें ताकि इसके सभी स्वास्थ्य लाभ मिल सकें। नियमित अभ्यास से शरीर की लचीलापन और संतुलन में सुधार होता है।

## शब्द सामर्थ्य - 041

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 040 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना ओमती में  दोपहर मे फिरोज खान उम्र 50 वर्ष निवासी मासूम का बाड़ा डाक्टर बटालिया के पास ओमती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कार मैकेनिक का काम करता है आज सुबह लगभग 10-30 बजे फ्लक पैलेस के बाहर बनी पट्टी पर बैठा था तभी मोहल्ले का इस्तयाक हैदर आकर पुराने विवाद को लेकर गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो लकड़ी के बत्ता से हमलाकर आंख के ऊपर फ्लक, पसली एवं हाथ में चोटें पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

जरूरतमंदों और राहगीरों के लिए नगर निगम ने वार्डों, सार्वजनिक स्थलों और शहर के प्रमुख चौराहों में कराई शुद्ध पेयजल की व्यवस्था - निगमायुक्त प्रीति यादव

# गर्मी में पानी के लिए भटकना न पड़े किसी को - निगमायुक्त







## इस भीषण गर्मी में शुद्ध शीतल पेयजल से राहगीरों की बुझ रही है प्यास - निगमायुक्त प्रीति यादव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भीषण गर्मी को देखते हुए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने शहर के वार्डों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था कराई है। इस संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि समस्त संभागीय अधिकारियों के माध्यम से वार्डो के चौराहों एवं चिन्हित स्थलों में शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था हर नागरिक के लिए उपलब्ध कराई है। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि इस भीषण गर्मी में किसी भी नागरिक को या राहगीरों को पानी के लिए भटकना न पड़े इसके लिए हर स्तर पर तुरंत ही समुचित व्यवस्था कराई जाए और साथ ही सभी को समय पर शुद्ध शीतल जल मिले इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए। जिसके परिपालन में व्यवस्थाएं कराई गई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि वार्ड के चौराहों पर विशेष रूप से नागरिकों और हर आने-जाने वाले राहगीरों को पानी पीने के लिए यहां-वहां भटकना न पड़े इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। नगर निगम द्वारा वार्ड के चौराहों में यह व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए शुद्ध शीतल पेज जल उपलब्ध कराया जा रहा है जिनमें मुख्य रूप से कमला नेहरू वार्ड लेवर चौक हनुमान मंदिर सेव भंडार के पास, वीरसावरकर वार्ड गुलौआ चौक, रानी दुर्गावती वार्ड रामायण मंदिर सूपाताल, वीरेन्द्रपुरी वार्ड त्रिपुरी चौक, मदन महल वार्ड शारदा चौक वार्ड कार्यालय के सामने, विवेकानंद वार्ड उखरी चौक, कस्तूरबा गांधी वार्ड पार्षद कार्यालय के पास, मेट्रो डिपो के पास, जवाहरगंज वार्ड पार्षद कार्यालय के पास, तिलक भूमि की तलैया में मंदिर के पास, महात्मा गाँधी वार्ड बड़े महावीर के पास, हरदौल मंदिर के पास, महिला मार्केट के पास, दीवान आधार सिंह वार्ड जोन कार्यालय के सामने, पेट्रोल पंप के सामने, शहीद अब्दुल हमीद वार्ड बिरसा लेवर चौक, महर्षि महेश योगी वार्ड धनी की कुटिया मोड पर, आचार्य विनोबा भावे वार्ड रज्जन डेयरी के पास, पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड कॉचघर चौक दुर्गा मंदिर, चुंगी चौकी शंकर मंदिर, सेठ गोविंद दास वार्ड जोन कार्यालय में, नवीन दुर्गा मंदिर, सिद्धबाबा वार्ड हनुमान चौक हनुमान मंदिर, संभाग 12 के अंतर्गत आकांक्ष हॉस्पिटल के सामने, हनुमान मंदिर के बाजू में घमापुर रोड़, दुर्गा सांई मंदिर कंजर मोहल्ला, संभाग 13 के अंतर्गत सांई मंदिर फूटाताल मैदान, दर्शन तिराहा, संभाग क्रमांक 14 के अंतर्गत दीनदयाल चौराहे के पास, कृषिउपज मंडी आश्रय स्थल के पास, दमोहनाका चौराहे के पास, अहिंसा चौक के पास, रद्दी चौकी चौराहे के पास, गोहलपुर थाने के पास, चार खम्बा चौक, गोहलपुर सब्जी मंडी के पास, दादा ठनठनपाल वार्ड कचनार सिटी शिव मंदिर के सामने, मथुरा बिहार, लमती मानस चौक, मंचन बिहार, सॉची कार्नर के पास कचनार सिटी, भगवान परशुराम वार्ड रिनॉल्ट शोरूम के सामने, स्वाति किराना स्टोर, पाटन रोड सांई स्वीट्स के पास, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड जागृति नगर, अमखेरा मेन रोड़, अमखेरा पंचायत भवन, शहीद बिरसामुण्डा वार्ड हनुमान मंदिर के पास सुहागी, बावली महाराजपुर, गुरू गोविंद सिंह वार्ड मढ़ई मेन रोड़, संत रविदास वार्ड सुहागी कमानिया गेट, सुहागी जोन कार्यालय, महर्षि वाल्मीकि वार्ड गंगा मैया विश्वकर्मा मंदिर के पास, संजय गॉधी वार्ड हमिद हसन रूई गोदाम के पास, ठक्कर ग्राम वार्ड सिंधी कैम्प शंकर जी मंदिर के पास, बड़ी मदार टेकरी स्लाटर हाउस मेन रोड़, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड रद्दी चौकी पेट्रोल पंप के पास, अश्फाक उल्ला खॉं वार्ड मोतीनाला हॉस्पिटल के पास, चार खम्बा चौराहा के पास, बूढ़ी खेरमाई मंदिर के सामने एवं संभागीय कार्यालय तथा अन्य स्थलों में कुल 112 चिन्हित स्थलों पर नगर निगम द्वारा आम नागरिकों एवं राहगीरों हेतु शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है।

# पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसायटी ने जताई खुशी

कचहरी दरबार में चढ़ाई चादर सैना को और हिम्मत और मुल्क में अमन शांति की मांगी दुआएं



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से न सिर्फ पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने खुशी जताई है. बल्कि देश का हर आम और खास नागरिक आतंकी ठिकानों पर की गई इस जवाबी कार्रवाई का स्वागत कर रहा है शुक्रवार को मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने कचहरी दरबार में चादर पेश कर भारतीय सेना की हौसला अफजाई तथा मुल्क में अम्न और शांति की दुआएं मांगी साथ ही आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शबाब खान, उपाध्यक्ष रिजवान खान ने कहा है कि भारतीय सेना ने दुश्मन को उसकी ही भाषा में करारा जवाब दिया है यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि भारत के गौरव, साहस और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है।

देशभक्त मुसलमानों का हर तबका इस कदम के साथ खड़ा है। हमारा मजहब अमन का पैगाम देता है। जब दुश्मन अमन को कमजोरी समझे तो उसे उसी की जुबान में जवाब देना चाहिए भारत ने पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ के सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई की है जो काबिले तारीफ है भारत में सभी धर्मों और सभी समुदायों के लोग भारत सरकार के हर कदम के साथ हैं देश के युवा और देश के हर तबके के लोग आतंकियों और पाकिस्तान समर्थित षड्यंत्रकारियों के खिलाफ हैं उन्होंने कहा कि मुल्क को दहशतगर्दी से आजाद करने के लिए उठाया गया कदम एक बहुत अहम कदम है आतंकवाद और दहशतगर्दी को जड़ से खत्म किया जाए, जिससे कि बेकसूरों की जान की हिफाजत हो सके। इस मौके पर अध्यक्ष एड. शबाब खान, रिजवान खान, फिरोज अंसारी,मासूम खान,रहीस खान,जफर खान,मो.आदिल, मोईन खान, मोहसिन खान मोनू , शफी खान सहित अन्य मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना का आयोजन आज

जबलपुर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत आज दिनांक 10 मई 2025 दिन शनिवार को प्रात: 10:00 बजे से सिंधी धर्मशाला जबलपुर में आयोजित किया गया है। इस संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री कन्या/निकाह योजना की सारी तैयारियॉं संबंधित अधिकारियों द्वारा पूर्ण कर ली गई है। शासकीय योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 76 जोड़े एक मंच पर एक-एक कर परिणय सूत्र में बंधेगें। सभी संबंधितों से समय पर विवाह/निकाह समारोह में उपस्थिति की अपील की गई है।

## राष्ट्रीय ध्वज को लेकर करेंगे नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 466 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में 12 को जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकल जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 12 मई वैशाख पूर्णिमा पर प्रात 6ः00 बजे सोमवार को भारत माता के उदघोश के साथ पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में 466 वी पंचकोशी निकाली जाएगी

संकीर्तन मंडल देश भक्ति गीतों के साथ हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर निकलेंगे देश की सेना के लिए प्रार्थना की जाएगी कि वह कम समय में अपना पूरा काम कर दे सिंदूर का बदला ले ले ऐसा सबक सिखाएं की दुनिया याद रखें बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में होगा एवं विशाल भंडारे के साथ परिक्रमा का समापन होगा उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी दुर्गा पटेल सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है

# तिरंगा मार्च- ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में जबलपुर कांग्रेस का सशक्त और भावनात्मक कदम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज जबलपुर की सड़कों पर देशभक्ति की अद्भुत लहर देखने को मिली। नगर निगम मुख्यालय से मालवीय चौक तक आयोजित भव्य तिरंगा मार्च में हर हाथ में तिरंगा था और हर दिल में मातृभूमि के लिए गर्व, सम्मान और समर्पण का भाव। यह ऐतिहासिक मार्च भारतीय सेना द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में, नगर निगम कांग्रेस पार्षद दल के आह्वान पर आयोजित किया गया। आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के पराक्रमी जवानों को सलाम करना, उनके साहस, शौर्य और बलिदान को सम्मान देना था। मार्च ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि पूरा देश अपने जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस गौरवशाली मार्च की अगुवाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ,जबलपुर के लोकप्रिय विधायक श्री लखन घनघोरिया, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष श्री अमरीश मिश्रा, तथा नगर निगम के सभी कांग्रेस पार्षदगणों ने की। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, युवा, महिलाएँ और बच्चे इस जनजागरण के प्रतीक बने तिरंगा मार्च में सम्मिलित हुए।

**विधायक लखन घनघोरिया ने कहा**

सेना के हर जवान का पराक्रम हमारे लिए प्रेरणा है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा का प्रतीक है। आज जबलपुर की जनता ने जिस जोश और सम्मान के साथ यह मार्च निकाला, वह बताता है कि हम सब अपने जवानों के साथ खड़े हैं — हर परिस्थिति में, हर कदम पर।

**शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष  सौरभ 'नाटी' शर्मा ने कहा-**

यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के लिए श्रद्धांजलि है। ऑपरेशन सिंदूर में लगे जवानों के ज बे को जबलपुर ने दिल से सलाम किया है। देशभक्ति सिर्फ शब्दों में नहीं, कर्म में होनी चाहिए - और आज यह सड़कों पर उतरकर सच्चाई बन गई। हम सभी को गर्व है कि हम एकजुट होकर देश और सेना के साथ खड़े हैं।

**नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष  अमरीश मिश्रा ने कहा**

यह मार्च केवल एक आयोजन नहीं था, यह हमारे राष्ट्रीय चरित्र का प्रतीक था। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश की रक्षा में लगे जवानों को जबलपुर ने यह संदेश दिया है कि उनका हर बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा देश की एकता और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध रही है और रहेगी। मालवीय चौक पर तिरंगा मार्च का समापन हुआ जहाँ समूचा वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम्‌ और जय जवान, जय हिंद जैसे नारों से गूंज उठा।

यह आयोजन में लखन घनघोरिया सौरभ नाटी शर्मा कौशल्या गोटिया  अमरीश मिश्रा राजेश सोनकर आजम अली प्रमोद पटेल गुड्डू नबी अयोध्या तिवारी बलविंदर मान सत्येंद्र चौबे कलीम खान गुलाम हुसैन अख्तर अंसारी हर्षित यादव अमर रजक राकेश पांडे लखन प्रजापति प्रमोद पटेल विनोद लोधी अनुराग जैन गढ़वाल पंकज पांडे ताहिर अली राजा पांडे प्रशांत मिश्रा महेश कोरी देवकी पटेल सुरेंद्र तिवारी रितेश बंटी गुप्ता मदन लारिया मिंटू मिश्रा रिजवान अली कोटी अजय रावत पारस जैन रंबल विश्वकर्मा यश घनघोरिया प्रिंस सलूजा राजेश पटेल विष्णु विनोदिया अतुल जोसेफ इमरान हुसैन ममतल सालोमन सोनू कुकरेले राजा रैकवार आदर्श राजपूत शादाब अली अरशद अली  आजाद अली अंकुर गुप्ता संदीप सोनकर बादल पंजवानी सौरभ सिंह कपिल भोजक नन्ही पटेल अभिषेक पटेल सूरज महावत संदीप सोनी सनी जैन  रिंकू बदलानी राजकुमार सोनी सचिन खरे शेख शेरू सोहेल मोनू जैद अंसारी अज्जू सम्मलित हुए जिसमे

नगर निगम कांग्रेस पार्षद दल की सामूहिक भावना, नेतृत्व और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व का प्रमाण था।

**शहरवासियों ने दिखा दिया —हम एक हैं, हम भारत हैं।**
**हमारे तिरंगे का सम्मान ही हमारे वीरों को सम्मान है।**





अखिल भारवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद सुंदरी संभाग द्वारा मुनिसुब्रत नाथ शाखा  के संयुक्त्तवधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश चंद जी जैन ,केंद्रीय कार्याध्यक्ष डॉ कुसुम जैन उपाध्यक्ष श्रीमती मणि जैन,साधना बड़कुल,निशा चौधरी, विशिष्ट अधिकारी श्रीमती संध्या शांत संरक्षिका फूल बाई जी प्रांतीय सह सचिव श्रीमती सुनीता सिंघई जी रही कार्यक्रम का आयोजन संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन संभागीय सचिव श्रीमती स्वाति जैन द्वारा किया गया कार्यक्रम मे शाखा अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती आस्था जैन श्रीमती आरती जैन श्रीमती किरण जैन का विशेष सहयोग रहा निशुल्क  ई सी जी ,ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच रही

## नए ईसाई कैथलिक बिशप की नियुक्ति से हर्ष



जबलपुर। वेटिकेन सिटी मैं ईसाई कैथोलिक समाज के नए बिशप की घोषणा कर दी  गई है, इनको पोक्प  लियो फोर्टीन्थ के नाम से जाना जाएगा, इसी उपलब्ध मैं आज जबलपुर धर्म प्रांत के महागिरिजा घर सेन्ट पीटर एंड पॉल कैथड्रल मैं  नए पोप के उज्वल भविष्य के लिए विशेष प्राथना जबलपुर धर्म प्रान्त के विकार जर्नल की उपस्थिति मैं सम्पन हुई, नवनुयक्त पोप ने पूरे संसार के लिए सामाजिक न्याय और और चर्च के पुनर्निमाण के लिए विशेस योगदान दिया है, प्राथना कार्यक्रम को सफल बनाने मे पल्ली सचिव फेलेक्स बारला, जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी, रेशलु पीटर, संजय जेवियर आदी का सहयोग रहा ।

# भारत रक्षा मंच की रीढ़ हैं मातृशक्ति



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बाह्य और आंतरिक शत्रुओं से समाज और राष्ट्र की रक्षा में मातृशक्ति का महान योगदान रहा है।मातृशक्ति भारत रक्षा मंच की रीढ़ हैं। आज हमारी मातृशक्ति जहां सैन्य अधिकारियों के रूप में सीमाओं में दुश्मनों के दांत खट्टे कर रही हैं वहीं साजसेविका और राष्ट्रसेविका के रूप में आंतरिक दुश्मनों से भी लोहा ले रही हैं। उक्त उद्गार भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय मंत्री और मध्य क्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी. तिवारी ने जबलपुर में आयोजित विभागीय संगठन मंत्री श्रीमती रीता प्रधान के सम्मान समारोह में व्यक्त किए। इस अवसर पर शिक्षा सलाहकार डॉ.श्रद्धा तिवारी, प्रांत सह संगठन मंत्री जीवेश पांडे, महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय संगठन मंत्री विनीता पगारे,महानगर महामंत्री सुमन शर्मा , निरंजन प्रधान, मधुबाला शर्मा,सचिन अवस्थी,नमन भदौरिया, नितेश प्रधान व अखिलेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लॉन्च हुआ भारत का पहला खेल मास्टर प्लान जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं नगर निगम जबलपुर के समन्वय से हुआ मास्टर प्लान का निर्माण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नर्चरिंग नेबरहुड 2.0 ( 2.0) के अंतर्गत 0-5 वर्ष के बच्चों एवं उनके देखभालकर्ताओं के लिए शहर के उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थलों में अनुकूल वातावरण एवं सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। नर्चरिंग नेबरहुड चैलेन्ज के अंतर्गत भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित चैलेंज में देश के कई शहरों ने भाग लिया था। जबलपुर शहर ने भी इस चैलेंज में भाग लिया और नर्चरिंग नेबरहुड चैलेन्ज की गाइडलाइन्स के अनुसार चयनित पार्कों में विभिन्न हस्तक्षेप किए गए। इन कार्यों का जो भारत सरकार का तकनीकी सलाहकार है, द्वारा किया गया। मूल्यांकन उपरांत जबलपुर शहर को देश के शीर्ष 10 शहरों में स्थान प्राप्त हुआ। केवल इन्हीं शीर्ष 10 शहरों को नर्चरिंग नेबरहुड चैलेन्ज 2.0 कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया।

खेल प्लान को महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव के मार्गदर्शन मे तैयार किया गया है। जिसमें स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. अनुराग सिंह का महत्व पूर्ण योगदान रहा। नर्चरिंग नेबरहुड चैलेन्ज 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत, जबलपुर शहर द्वारा नर्चरिंग नेबरहुड सेल और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से 'खेल मास्टर प्लान' तैयार किया गया है। इसी पहल के अंतर्गत एक समर्पित 'खेल सेल' की स्थापना भी की गई है। इस योजना की प्रक्रिया में उन सभी प्रमुख



विभागों को सम्मिलित किया गया है जो शहर के विकास कार्यों एवं बच्चों और महिलाओं के कल्याण के लिए कार्यरत हैं, जैसेकृनगर निगम जबलपुर, स्मार्ट सिटी जबलपुर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, जबलपुर विकास प्राधिकरण , महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यातायात पुलिस तथा विभिन्न गैर-सरकारी संगठन  खेल मास्टर प्लान में खेल शब्द को केवल पारंपरिक खेल-कूद तक सीमित न रखते हुए, इसे एक विस्तृत दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तुत किया गया है - इस मास्टर प्लान में नगर निगम जबलपुर एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा पूर्व में विकसित किए गए पार्कों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों एवं उनके देखभालकर्ताओं के लिए तैयार की गई सुविधाओं का उल्लेख किया गया है। साथ ही, भविष्य में इन सुविधाओं के विस्तार की योजना को भी रेखांकित किया गया है। खेल मास्टर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खेल सेल का गठन किया गया है, जो समय-समय पर प्रगति की निगरानी करेगा और सुनिश्चित करेगा कि योजनाएं सुचारु रूप से लागू हों। आज दिनांक 09 मई 2025 को होटल कल्चुरी में नर्चरिंग नेबरहुड चैलेन्ज 2.0 की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें निगमाध्यक्ष रिंकू विज, एम.आई.सी. सदस्य राम सोनकर, अपर आयुक्त व्ही. एन. वाजपेयी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सह नोडल अधिकारी नर्चरिंग नेबरहुड चैलेन्ज 2.0 प्रोग्राम संभव अयाची, डिप्टी डायरेक्टर नगर तथा ग्राम निवेश विपुल महुले, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, स्मार्ट सिटी से सहायक नोडल अधिकारी नर्चरिंग नेबरहुड चैलेन्ज 2.0 बालेन्द्र शुक्ला, सहायक अर्बन प्लानर अर्पित नेमा, मैनेजर, ई-गवर्नेंस गजेन्द्र सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और और अन्या विभाग, एनजीओ और समुदाय के सदस्य, डब्लू,आर.आई. इंडिया की टीम आदि उपस्थित रहे।

निगमाध्यक्ष रिंकू विज, ने कहा मैं गर्व के साथ कहना चाहता हूँ कि जबलपुर शहर ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए भारत का पहला प्ले मास्टरप्लान तैयार किया है। यह दस्तावेज़ खासतौर पर बच्चों और देखभालकर्ताओं के लिए उनके वार्डों, बस्तियों और आस-पड़ोस में खेल की गतिविधियों पर केंद्रित है। जबलपुर सिटी लेवल वर्कशॉप के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों, फ्रंटलाइन वर्कर्स, एनजीओ और समुदायों के लोगों ने एक साथ आकर सुझाव दिए कि छोटे स्थानों में बच्चों के खेलने की जगह कैसे बनाई जा सकती है और वहाँ बच्चों को खिलाने आने वाले देखभालकर्ताओं के लिए कौन-सी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। मुझे गर्व है कि जबलपुर ऐसा करने वाला देश का पहला शहर बना है। मैं इस टीम के सभी साथियों और अधिकारियों को दिल से बधाई देता हूँ। प्रोग्राम लीड, सस्टेनेबल सिटीज़ एंड ट्रांसपोर्ट, डब्ल्यूआरआई इंडिया मधुरा कुलकर्णी ने कहा, मैं जबलपुर नगर निगम को भारत के पहले शहरव्यापी प्ले मास्टरप्लान - खेल प्लान - की पहल करने के लिए बधाई देती हूँ। खेल केवल एक आवश्यकता नहीं है, बल्कि बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल प्लान जबलपुर में शहरी विकास को छोटे बच्चों और देखभालकर्ताओं के अनुकूल बनाने की दिशा में एक व्यवस्थित विस्तार और इसे मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना को साकार करने के लिए समुदाय के सदस्य, फ्रंटलाइन वर्कर्स, स्थानीय गैर-सरकारी संगठन, निजी साझेदार आदि जैसे विभिन्न हितधारकों को एक साथ आना होगा।

## जबलपुर जिला स्तरीय बाल समागम

जबलपुर । जिला स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम का आयोजन पनागर की कृषि उपज मंडी में किया गया जिसमें रायपुर से आये परम आदरणीय महात्मा निखिल आडवाणी जी ने आशीषवचन रूप में बच्चों को बचपन से ही पढ़ाई के संग आध्यात्म से भरे जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान की । इस समागम में जबलपुर जिले के की सभी ब्रांच ( जबलपुर सिटी , पनागर ,रांझी, मड़ई ,अधारताल, लालमाटी , गढ़ा, धनपुरी , बरेला, भानतलियां) से लगभग 136 बच्चों ने हिस्सा लिया और विभिन्न कला जैसे नाटक, गीत गायन, कविता पाठ, विचार एवं एक्ट के माध्यम से निरंकारी मिशन की सिखलाई को बड़े सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।। कार्यक्रम के अंत में पनागर ब्रांच की मुखी महात्मा बहन शालू पंचवानी और जोन 24 जबलपुर के जोनल इंचार्ज महात्मा नवनीत नागपाल जी ने सभी को धन्यवाद दिया।।



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने चौथे नेशनल सस्टेनेबल एनर्जी एनोवेशन कान्क्लेव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया उपस्थित थे ।

## विद्युत कंपनियों के पेंशनरों की महंगाई राहत में वृद्धि के आदेश जारी

जबलपुर। मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनधारकों के लिए पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीए) के आदेश मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अब पेंशनरों को 6वें वेतनमान में 7 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 3 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। एमपी ट्रांसको के  मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के ज्ञाप क्रमांक एफ 9-2/2025/नियम/चार दिनांक 08.05.2025 के अनुसार जारी किया गया है, जो 01 मार्च 2025 से प्रभावी होगा। आदेश के अनुसार, सभी पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों, जिनमें मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं पेंशनरों/परिवार पेंशनरों के साथ मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल से दिनांक 01.06.2005 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों भी शामिल है, को 6वें वेतनमान के अनुसार 239 प्रतिशत की जगह 246 प्रतिशत एवं 7वें वेतनमान के अनुसार 50 प्रतिशत की जगह 53 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना पनागर में ओमप्रकाश दाहिया उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम उर्दुआकला ने सूचना दी कि उसका भतीजा दीपक कुमार दाहिया उम्र 34 वर्ष आज सुबह लगभग 11 बजे स्वंय के घर के कमरे में लगे पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था जिसे उतारकर उसके भाई कीरत दाहिया द्वारा भतीजे का उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज लेकर गये दौरान उपचार के दोपहर लगभग 12-30 बजे भतीजे दीपक कुमार की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# भारत-पाक तनाव के बीच जबलपुर एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट, अमेरिकी महिला के बैग से मिला जीपीएस ट्रैकर, जांच में जुटी पुलिस

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के माहौल में जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के चलते गुरुवार दोपहर एक बड़ी सुरक्षा कार्रवाई देखने को मिली। दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट में चेकिंग के दौरान एक अमेरिकी महिला पर्यटक के बैग से ट्रक्र ट्रैकर मिलने पर एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया।



महिला की पहचान 62 वर्षीय एंजिला के रूप में हुई है, जो अमेरिका के केंसास शहर की रहने वाली हैं। वह अकेले बांधवगढ़ घूमने आई थीं और दिल्ली होते हुए अपने देश लौट रही थीं। चेकिंग के दौरान ट्रैकर मिलने पर सीआईएसएफ ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को सूचना दी, जिसके बाद खमरिया पुलिस को मौके पर बुलाया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में महिला ने बताया कि उन्होंने यह डिवाइस अपनी लोकेशन परिवार वालों को बताने के लिए रखी थी और अब तक कई देशों की यात्रा में इसका उपयोग किया, लेकिन किसी भी जगह आपत्ति नहीं उठी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने मामला गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू की और डिवाइस को जब्त कर लिया गया।

एयरपोर्ट डायरेक्टर आरआर पांडे ने बताया कि विदेशी महिला से ट्रैकर मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस को बुलाया गया। हालांकि जांच में कुछ संदिग्ध न पाते हुए महिला को दिल्ली की फ्लाइट से रवाना कर दिया गया है। खमरिया थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, हाई सिक्योरिटी में उड़ानें**

भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव को देखते हुए देशभर के एयरपोर्ट्स पर अलर्ट जारी किया गया है। ट्रक्र ट्रैकर मिलने के बाद से जबलपुर एयरपोर्ट की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

# गढ़ा में मुस्लिम समुदाय ने भारतीय सेना के समर्थन में की दुआ, आतंकवाद के खिलाफ जताया आक्रोश

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** गढ़ा मुजावर मोहल्ला कादरी नगर में आज मुस्लिम समुदाय ने एकजुट होकर भारतीय सेना के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। समुदाय के लोगों ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई के लिए भारतीय सेना के जवानों की सफलता और सुरक्षा के लिए विशेष दुआएं मांगी। इसके साथ ही, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भी प्रदर्शन किया और इस वैश्विक बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।



जामा मस्जिद मुजावर मोहल्ले में मुस्लिम समुदाय के सदस्य एकत्रित हुए। इस दौरान मौलाना साहब और नौजवानों ने देश की एकता और अखंडता के लिए खास दुआ कराई। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

दुआ के बाद, मुबारक कादरी ने आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया और सभी से मिलकर इसका मुकाबला करने का आह्वान किया। निजाम कादरी ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और यह पूरी दुनिया के लिए एक साझा चुनौती है। सैय्यद कादिर अली कादरी ने कहा कि

भारतीय मुस्लिम समुदाय हमेशा देश की सुरक्षा और प्रगति के लिए तत्पर रहा है और रहेगा। उन्होंने पड़ोसी देश द्वारा फैलाए जा रहे आतंकवाद की कड़ी निंदा की और सरकार से इस पर निर्णायक कार्रवाई करने की अपील की।

## आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खेलते सटोरिया गिरफ्तार 2 नग मोबाइल तथा 8 हजार रूपये जप्त

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना प्रभारी लार्डगंज श्री नवल सिंह आर्य ने बताया कि रात्रि क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अग्रवाल टेऊडिंग कम्पनी के सामने बल्देवबाग चौक के पास मोबाइल में आईपीएल क्रिकेट टीम में हार जीत का पैसों का दाव लगाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना लार्डगंज की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति अग्रवाल टेऊडिंग कम्पनी के सामने बल्देवबाग चौक के पास मोबाइल देखते दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पूछने पर अपना नाम शैलेष कोष्टा उम्र 34 वर्ष निवासी छोटा फुहारा थाना गोहलपुर बताया जो आईपीएल क्रिकेट मैच पंजाब वर्सेस दिल्ली के मैच की हारजीत पर रूपयों का दाव लगा रहा था जिसके वीवो कम्पनी के मोबाइल में 'हणबिमगबीण्पद बेवसाईट पर 'तंक25 आईडी है, आरोपी शैलेष कोष्टा के कब्जे से वीवो कम्पनी का मोबाइल एवं आईफोन एप्पल कम्पनी का तथा नगद 8 हजार 100 रूपये जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की

# सरपंच द्वारा महिला से विधवा पेंशन-राशन पर्ची बनाने ली जा रही थी रिश्वत

**जबलपुर लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ पकड़ा**

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर स्थित मझौली ग्राम पंचायत डूंडी के सरपंच गोपीचंद कोल को लोकायुक्त टीम ने दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। सरपंच गोपीचंद द्वारा महिला से विधवा पेशन व राशन पर्ची बनाने के लिए उक्त रिश्वत ली जा रही थी।



इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि ग्राम डूडी मझौली निवासी धनिया बाई पटेल के पति कैलाश पटेल उम्र 36 वर्ष क ा दो साल पहले निधन हो गया था। संबल योजना के तहत धनिया बाई के एकाउंट में दो लाख रुपए आए थे। ग्राम डूडी का सरपंच गोपीचंद पिता सोनेलाल कोल उम्र 44 वर्ष द्वारा विधवा पेंशन व राशन पर्ची बनाने के एवज में 35 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। महिला धनियाबाई पटेल ने इस बात की शिकायत लोकायुक्त आफिस पहुंचकर एसपी से की। इसके बाद आज दस हजार रुपए रिश्वत की पहली किश्त लेकर धनिया बाई पटेल पहुंची और केनरा बैंक के सामने ग्राम धनगवां में सरपंच गोपीचंद कोल को दी। तभी लोकायुक्त टीम में डीएसपी नीतू त्रिपाठी, इंस्पेक्टर शशिकला मस्कुले, जितेन्द्र यादव सहित अन्य सदस्यों ने दबिश देकर सरपंच गोपीचंद कोल को रेगे हाथ पकड़ लिया। लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ़ते ही सरपंच ने रिश्वत के रुपए फेंके और विवाद करने लगा। जिसे लोकायुक्त टीम के अधिकारियों ने समझाइश देते हुए शांत कराया।

## शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर युवक को मारा चाकू

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना तिलवारा क्षेत्र अंतर्गत तीन युवकों ने जबरन शराब पीने के लिए पैसे मांगते हुए एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। प्रकाश बसोर (52), निवासी ग्राम तिलवारा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनका पुत्र दुर्गेश बसोर जब सुबह लगभग 10.15 बजे मोटरसाइकिल से रद्दी चौकी की ओर कूलर में खस भरवाने के लिए निकला, तभी रमनगरा और वाटर प्लांट के बीच बाईपास रोड पर पीछे से आई एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया। तीनों युवकों ने दुर्गेश से शराब पीने के लिए अवैध रूप से 200 रुपये की मांग की। विरोध करने पर एक युवक ने चाकू से दुर्गेश के हाथ, पैर और पेट पर हमला कर दिया।

घायल अवस्था में पिण्डरई निवासी सोनू उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर लेकर गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित दुर्गेश ने बताया कि वह तीनों आरोपियों को रमनगरा क्षेत्र का निवासी और चेहरे से पहचानता है।

# ब्वॉयफ्रेंड के महंगे गिफ्ट और फ्लाइट से घुमाने के लालच में हॉस्टल की लड़कियों के वीडियो बनाती थी छात्रा

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** ट्रिपलआईटी डीएम के छात्रावास में रहने वाली 450 से ज्यादा छात्राएं दहशत में हैं। हर किसी को डर है कि कहीं उनके निजी पलों को कैमरे में कैद न किया गया हो। आरोपित छात्रा के मोबाइल से कई और लड़कियों के भी अश्लील वीडियो मिले हैं। आलम यह है कि छात्राएं हास्टल छोड़कर जा रही हैं।

हालांकि कॉलेज प्रशासन का दावा है कि सेमेस्टर परीक्षा खत्म होने की वजह से छात्राएं छात्रावास से अपने घर जा रही हैं। बीटेक फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा हिमश्री विनोद सहरे दिसंबर 2024 से अप्रैल 2025 के बीच कई दफा अपने ब्रायफ्रेंड आदित्य शर्मा से मिलने दिल्ली गई।

वह फ्लाईट से दिल्ली जाती थी और उसे आदित्य महंगे गिफ्ट देकर प्रभावित करता था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसी प्रलोभन में आकर उसने आदित्य के कहने पर लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाने के लिए तैयार हुई।

**क्या है मामला**

घटना चार मई की सुबह करीब 9 बजे की है। ट्रिपलआईटीडीएम में बीटेक फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा हिमश्री विनोद सहरे जो नागार्जुन छात्रावास में रहती है। उसने बाजू से लगे सरस्वती महिला छात्रावास में जाकर सीनियर छात्रा का नहाते हुए वीडियो शूट किया।

आरोपित छात्रा ने बाथरूम के नल पर चढ़कर अपने कैमरे से बाजू के बाथरूम में नहा रही छात्रा का अश्लील वीडियो बनाया।

**दो-तीन वीडियो में चेहरा नहीं**

आरोपित छात्रा के मोबाइल पर दो-तीन लड़कियों के वीडियो मिले थे, जिसमें चेहरा साफ नहीं है लड़की के पीछे के हिस्से को कैमरे में दिखाया गया था। इस वजह से वीडियो में नजर आ रही लड़की का पहचान नहीं हो पा रही है। कालेज स्तर पर पता चला है कि लड़की सामान्य परिवार की थी और आदित्य से संबंध के बारे में उसके स्वजन को कोई जानकारी नहीं थी।

**निष्कासन के खिलाफ अपील का मौका**

ट्रिपलआईटी डीएम के निदेशक डॉ. बीके सिंह ने कहा कि छात्रा को कमेटी जांच के बाद आरोपित मानते हुए संस्थान से निष्कासित कर दिया गया है। छात्रा को पुलिस पूछताछ तक संस्थान में रुकने की अनुमति दी गई थी।

उनके अनुसार छात्रा से पूछताछ में सामने आया कि वह किसी लड़के प्रभाव में आकर आपत्तिजनक वीडियो बनाने लगी। उसके स्वजनों को भी इसकी जानकारी नहीं थी वो खुद हैरान हैं, वे दुखी होकर वापस घर लौट गए हैं। निदेशक ने कहा कि आरोपत छात्रा के पास नियम के मुताबिक सजा के खिलाफ अपील का अधिकार है यदि वह अपील करती है तो संस्थान की सीनेट में यह प्रकरण सुनवाई के लिए जाएगा।

**छात्रा को नोटिस देकर छोड़ा, युवक को पकड़ने छापामारी**

ट्रिपलआईटीडीएम बीटेक फोर्थ सेमेस्टर की आरोपित छात्रा हिमश्री विनोद सहरे को खमरिया पुलिस ने नोटिस देकर छोड़ दिया है। आरोपित छात्रा के माता-पिता इस घटनाक्रम से बेहद हताश और परेशान है। पुलिस ने उन्हें समझाया और लड़की को उनके सुपुर्द किया है।

**क्राइस्ट चर्च स्कूल पर बजरंग दल ने लगाए गंभीर आरोप**

# समर कैंप की आड़ में धर्मांतरण का प्रयास?

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहर के सालीवाडा क्षेत्र स्थित क्राइस्ट चर्च स्कूल एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। आरोप है कि स्कूल में चल रहे समर कैंप के नाम पर छोटे-छोटे बच्चों के साथ धर्मांतरण की कोशिश की जा रही है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग संयोजक सुमित सिंह ठाकुर ने यह गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के ब्रेन वॉश के उद्देश्य से उन्हें ईसाई धर्म से जुड़े भजन और गाने सुनवा रहा है।

ठाकुर का कहना है कि यह गतिविधियाँ पूरी तरह से सुनियोजित हैं और इनका उद्देश्य बच्चों को उनके मूल धर्म से दूर कर ईसाई धर्म की ओर आकर्षित करना है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की धर्मांतरण गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी को लेकर बजरंग दल द्वारा कल दोपहर 12 बजे बरेला थाना परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की माँग की जाएगी। संगठन का कहना है कि यदि प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा। बजरंग दल ने साफ कहा है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और धर्मांतरण की कोशिशों को वे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे।

## जबलपुर में संकुल प्राचार्य जिनेश कुमार जैन रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** एमपी के जबलपुर में ग्राम मोहास बरगी स्थित शासकीय हाई स्कूल का संकुल प्राचार्य जिनेश कुमार जैन 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। प्राचार्य श्री जैन द्वारा क्रमोन्नति की फाइल अग्रेषित करने के एवज में उक्त रिश्वत ली जा रही थी। इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि प्राथमिक शाला चूल्हा गोलाई बरगी में पदस्थ शिक्षक मदनसिंह पिता रामदयाल पंद्रो द्वारा शैक्षणिक सेवा के 12 वर्ष पूरे कर लिए है। सेवाकाल के पूरे होने के बाद क्रमोन्नति मिलना है। जिसकी फाइल शासकीय हाई स्कूल मोहास बरगी के प्राचार्य जिनेश कुमार जैन को अग्रेषित करना थी। फाइल अग्रेषित करने के एवज में प्राचार्य श्री जैन द्वारा मदनसिंह पंद्रो से पांच हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी।



## विराट कवि सम्मेलन 10 मई को

**जबलपुर-** साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था प्रसंग के तत्वावधान विराट कवि सम्मेलन 10 मई को सांय 4 बजे डॉ दीपक धोटे शिक्षाविद अमरावती एवं महाकवि आचार्य भागवत दुबे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है जिसके अंतर्गत श्रीमती इंदू सिंह कंचन की काव्य कृति कंचन दोहावली का लोकार्पण उत्सव मनाया जाएगा जिसमें गायक गौरव दिलीप कोरी द्वारा कृति में समाहित दोहों की संगीतमय प्रस्तुति की जायेगी।

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 24
2025-2026 दिनांक 06/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री मोहम्मद मुस्तफा, पिता- श्री मुस्लिम अंसारी** भवन क्रमाक. 2715/2 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000364791 जलकर पिन नं..2341923, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद मुख्तार एवं कुमारी अंजली बानो तीनों के पिता मुस्लिम अंसारी **वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 450 व.फु., निर्मित भूतल 450 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 300 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, हकत्याग पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर म.प्र.**

**निविदा सूचना**

N.I.T. NO. / PWD-08/PRO N0.115 Date 09/05/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _421348_1 19/05/2025 | हनुमानताल वार्ड अंतर्गत नन्हे जैन मंदिर के पास विभिन्न सड़कों का सीमेंटीकरण कार्य(पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 3.08 लाख | 2000/- 3084/- | 02.06.2025 |
| 2 | 2025_UAD _421348_2 19/05/2025 | हनुमानताल वार्ड सिटी कोतवाली क्लीनिक के पीछे आने वाली विभिन्न नालियों की मरम्मत नाली कवर एवं चेंबर लगाने का कार्य। | 04 माह 2.42 लाख | 2000/- 2428/- | 02.06.2025 |
| 3 | 2025_UAD _421348_3 19/05/2025 | हनुमानताल वार्ड अंतर्गत नन्हे जैन मंदिर के पास विभिन्न स्थानों पर नाली रिपेयरिंग नानी कवर एवं चेंबर लागाने का कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 2.48 लाख | 2000/- 2481/- | 02.06.2025 |
| 4 | 2025_UAD _421348_4 19/05/2025 | हनुमानताल वार्ड अंतर्गत मुकेश रूशिया जी के निवास के समीप आरसीसी नाली निर्माण कार्य(पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 1.69 लाख | 2000/- 1639/- | 02.06.2025 |
| 5 | 2025_UAD _421348_5 19/05/2025 | हनुमानताल वार्ड अंतर्गत शुक्रवारी बजरिया में स्थित विभिन्न स्थानों पर नाली रिपेयरिंग नाली कवर एवं चेंबर लगाने का कार्य(पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 2.50 लाख | 2000/- 2505/- | 02.06.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://.mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 23
2025-2026 दिनांक 06/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री मोहम्मद मुख्तार, पिता- श्री मुस्लिम अंसारी** भवन क्रमाक. 2715/2 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000364791 जलकर पिन नं......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद मुख्तार एवं कुमारी अंजली बानो तीनों के पिता मुस्लिम अंसारी **वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 450 व.फु., निर्मित भूतल 450 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, हकत्याग पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 22
2025-2026 दिनांक 06/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री अमन साहू, पिता- श्री भारत साहू,** भवन क्रमाक. 3358/ पी- 7 ए, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000367364 जलकर पिन नं......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री तपन कुमार गोस्वामी, पिता- पूर्णचंद गोस्वामी, (विक्रेता- श्री दिनेश कुमार उसरेठे, पिता धन्नू प्रसाद उसरेठे **वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 1004 व.फु., निर्मित भूतल 978 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 978 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 21
2025-2026 दिनांक 01/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री बापू लाल राठौर, पिता- श्री भागीरथ राठौर,** भवन क्रमांक. 1021/बी-2, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360685 जलकर पिन नं.1002511054, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - 1.श्री अजय कुमार झा, पिता- आर.आर. झा, 2. श्रीमती उषा झा, पति- श्री अजय कुमार झा, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 735 व.फु., निर्मित भूतल 735 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 651 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -04, सं.अधि./ रांझी/10 / 2025-26 दिनांक 09.05.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नेहा कुमारी, पिता- श्री संतोष कुमार** ने मकान नं.दीवान बाड़ा पिन नं. 1000590339 **वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड,** क्षेत्रफल 1000 व.फु., **आधार कार्ड, शपथ पत्र, पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्रीमती रजनी ताम्रकार, पति- श्री इन्द्र कुमार ताम्रकार, मकान नं.दीवान बाड़ा पिन नं. 1000590339 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 25/एम/29 दिनांक 08.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मुकुल साहू, पिता- कैलाश चंद्र साहू** ने मकान नं. पी- 04 वसुन्धरा कालोनी **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999